

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,रविवार 07 जून 2026 ■ ज्येष्ठ अधिकमास कृष्ण पक्ष-07 ■ वर्ष -42 ■ अंक-070 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 08 जून 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## भारतीय महिला फुटबाल टीम ने रचा इतिहास




### छठी बार बनीं एसएएफएफ चैंपियन

**नई दिल्ली,7जून।** एसएएफएफ महिला चैंपियनशिप 2026 के फाइनल में भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने बांग्लादेश को 3-1 से हराकर रिकॉर्ड छठी बार खिताब अपने नाम किया है। गोवा में हुए इस मुकाबले में प्यारी जाक्सा, संफिदा और लिंडा कॉम के गोलों की बदौलत 'ब्लू टाइग्रेस' ने 7 साल बाद यह प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीती।भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने कमाल कर दिया है। गोवा के मडगांव में खेले गए एसएएफएफ महिला चैंपियनशिप 2026 के रोमांचक फाइनल मैच में भारत ने मौजूदा चैंपियन बांग्लादेश को 3-1 से हरा दिया। इस ऐतिहासिक जीत के साथ ही भारतीय टीम ने रिकॉर्ड छठी बार यह खिताब अपने नाम किया है। 'ब्लू टाइग्रेस' के नाम से मशहूर हमारी महिला टीम पूरे 7 साल बाद इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी को वापस देश लेकर आई है।

फाइनल मुकाबले की शुरुआत से ही दोनों टीमों के बीच जबरदस्त टक्कर देखने को मिली। मैच के पहले हाफ में भारत की प्यारी जाक्सा ने एक बेहतरीन गोल करके टीम को बढ़त दिला दी। हालांकि, भारतीय टीम की यह खुशी ज्यादा देर नहीं टिकी और बांग्लादेश की रितु पोर्ना चकमा ने एक गोल दागकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। हाफ-टाइम तक दोनों टीमें बराबरी पर थीं और मुकाबला बेहद रोमांचक मोड़ पर था।

हाफ-टाइम के बाद जब खेल दोबारा शुरू हुआ, तो भारतीय टीम पूरी तरह हावी नजर आई। दूसरे हाफ में भारत की संफिदा ने एक शानदार गोल करके टीम को एक बार फिर आगे कर दिया। इसके कुछ ही देर बाद लिंडा कॉम ने भारत की तरफ से तीसरा गोल दागकर बांग्लादेश की वापसी के सारे रास्ते बंद कर दिए और भारत की जीत पक्की कर दी। इस तीसरे गोल के बाद बांग्लादेशी टीम दबाव में आ गई और मैच खत्म होने तक वापसी नहीं कर सकी।

**रायपुर. भारतीय खेल प्राधिकरण ने विश्व साइकिल दिवस पर फिट इंडिया मिशन के तहत आउटडोर स्टेडियम बूढ़ापारा से साइकल रैली का आयोजन किया।**



### घरेलू एलपीजी सिलेंडर 29रु.महंगा

**नई दिल्ली,7 जून।** देश की जनता पर एक बार फिर महंगाई की मार पड़ी है। घरेलू एलपीजी सिलेंडर महंगा हो गया है। जी हां घरेलू



एलपीजी सिलेंडर 29 महंगा हो गया है। नई कीमत आज यानी सात जून सुबह से ही लागू हो गई है। तीन महीनों में यह दूसरी बढ़ोतरी है। इससे पहले मार्च 2026 में कंपनियों ने घरेलू सिलेंडर पर 60 रुपये की बढ़ोतरी हुई थी। कीमत बढ़ान के पीछे ईरान संकट को बताया गया है। इससे पहले 1 जून को ही 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में भारी बढ़ोतरी हुई थी। दिल्ली में कमर्शियल सिलेंडर 42 रुपये महंगा होकर अब 3113.50 रुपये का हो गया था। वहीं कोलकाता में इसकी कीमत 53.50 रुपये बढ़कर 3255.50 रुपये पहुंच गई थी। इतना ही नहीं छोटे व्यापारियों और नागरिकों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले 5 किलोग्राम के एफटीएल सिलेंडर की कीमत में भी 11 रुपये का इजाफा किया था।

### राष्ट्रीय ओबीसी आयोग की अध्यक्ष राजधानी पहुंची

**रायपुर,7जून।** राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की नवनियुक्त अध्यक्ष साध्वी निरंजन ज्योति आज अपने पहले छत्तीसगढ़ दौरे पर राजधानी रायपुर पहुंचीं। पदभार ग्रहण करने के बाद प्रदेश के इस पहले आधिकारिक दौरे के मुख्य उद्देश्यों को बताया। साध्वी निरंजन ज्योति ने बताया कि वे छत्तीसगढ़ में आयोजित मछुआरा समाज के एक विशेष कार्यक्रम में शामिल होने के लिए यहां आई हैं। इसके साथ ही वे प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग के अधिकारों, उनकी स्थिति और उनके हक को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी करेंगी। छत्तीसगढ़ में वर्तमान में लागू 14% और तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा पारित किए गए 27% आरक्षण विधेयक के सवाल पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और राज्यपाल के साथ मेरी उच्च स्तरीय बैठक होनी है, जिसमें प्रदेश की विभिन्न समस्याओं और ओबीसी समाज के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। यदि राज्य सरकार इस संबंध में आयोग से कोई सिफारिश करती है, तो आयोग के माध्यम से भारत सरकार को उचित सिफारिश और प्रस्ताव भेजा जाएगा।

## कर्मचारी घर आकर करेंगे आधार अपडेट, लंबी लाइन से मिलेगा छुटकारा

**रायपुर,7 जून।** आधार कार्ड अपडेट कराना अब और भी आसान हो गया है। यूआईडीएआई की नई सेवा के तहत अब कर्मचारी घर आकर बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन और आधार अपडेट करेंगे।

यूआईडीएआई ने बैठे आधार अपडेट कराने की एक नई खास सेवा शुरू की है। जो लोग आधार केंद्र नहीं जा पाते उनके लिए कर्मचारी खुद घर आकर वेरिफिकेशन करेंगे। इस नई होम सर्विस का लाभ उठाने के लिए आवेदकों को ऑनलाइन रिक्वेस्ट भेजनी होगी। इस सेवा के लिए 700 रुपए का शुल्क तय किया गया है। इसका उद्देश्य सभी लोगों का आधार अपडेट करना और बुजुर्गों-दिव्यांगों को चक्कर काटने से बचाना है। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने नागरिकों की सुविधा के लिए एक बहुत ही शानदार कदम उठाया है। सरकार की आधार अपडेट कराने की मुहिम के तहत लोगों को बड़ी राहत मिलने जा रही है। इस नई व्यवस्था में आधार केंद्र के कर्मचारी घर आकर बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन की प्रक्रिया को पूरा करेंगे। ऑनलाइन आवेदन मिलने के बाद नजदीकी आधार केंद्र से एक कर्मचारी को आपके पते पर भेजा जाएगा। वह कर्मचारी अपने साथ जरूरी मशीनें लेकर आएगा। आपके घर पर ही फिंगरप्रिंट या आंख की पुतली का स्कैन करके वेरिफिकेशन पूरा कर देगा। दरअसल हमारे आस-पास ऐसे कई बुजुर्ग और दिव्यांग लोग हैं जिन्हें चलने-फिरने में बहुत दिक्कत होती है।

## सुपेबेड़ा को मिलेगा अब साफ पानी

### मुख्यमंत्री साय ने तेल नदी पर एनीकट निर्माण के लिए मंजूर किए 7 करोड़

**गरियाबंद,7 जून।** किडनी पीड़ितों की वजह से चर्चित सुपेबेड़ा को आखिरकार साफ पानी नसीब होगा। सुशासन की समीक्षा में पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने तेल नदी पर एनीकेट निर्माण के लिए 7 करोड़ की न केवल मंजूरी दिया, बल्कि इसके पेपर वर्क भी बारिश से पहले तैयार करने के निर्देश दिए। दरअसल, 2024 में भाजपा सरकार ने जलजीवन मिशन के तहत सामूहिक जलप्रदाय योजना के लिए 8 करोड़ की मंजूरी दी। योजना के तहत तेल नदी से इंटेक वेल के जरिए पानी ले जाकर सुपबेड़ा में स्थापित ट्रीटमेंट प्लांट के जरिए पानी साफ कर उसे 9 गांव के 2074 परिवार को आयरन फ्लोराइड रहित साफ पानी उपलब्ध कराना है। यह योजना लगभग बन कर तैयार है,




लेकिन इसमें सबसे बड़ा रोड़ा निरंतर जल सप्लाई की थी, क्योंकि योजना सर्फेस वाटर पर निर्भर थी। अक्टूबर माह के बाद नदी सूख जाती है, ऐसे में तेलनदी में 12 माह जल स्थिर रखने की बड़ी चुनौती थी। दो साल पहले इंटेक वेल के ठीक नीचे 2 करोड़ लागत से डायफ्रॉम वाल खड़ा किया गया, पर वह पहली बारिश में धराशाई हो गया। जलप्रदाय योजना के लिए सपोर्ट सिस्टम की जरूरत थी।

## ट्रैफिक एएसआई के बेटे को बोलेरो से रौंदा

### हवाई फायरिंग और लूटपाट के बाद आरोपी फरार

**कोरबा,7 जून।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिला अंतर्गत बुधवारी बायपास मार्ग पर शनिवार-रविवार की दरमियानी रात बदमाशों ने जमकर उत्पाद मचाया। मामूली विवाद पर बदमाशों ने यातायात विभाग में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) रामनारायण रात्रे के बेटे चंद्रमणि रात्रे पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपियों ने युवक को बोलेरो गाड़ी से बेरहमी से कुचल दिया, जिससे उसके हाथ-पैर की हड्डियां टूट गई हैं और उसकी हालत बेहद गंभीर बनी हुई है। वारदात को अंजाम देने के बाद मुख्य आरोपी कबाड़ और डीजल माफिया नीरज साहू अपने साथियों के साथ फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

रात करीब एक बजे बुधवारी बायपास मार्ग पर चंद्रमणि रात्रे अपने कुछ दोस्तों के साथ कार के पास खड़े होकर बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान वहां एक सफेद रंग की बोलेरो गाड़ी पहुंची। सड़क पूरी तरह खाली होने के बावजूद रास्ता हटाने को लेकर दोनों पक्षों के बीच बहस शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि बोलेरो सवार आरोपियों ने आपा खो दिया और कार से बाहर खड़े चंद्रमणि पर तेज रफ्तार बोलेरो चढ़ा दी। प्रत्यक्षदर्शियों और पुलिस जांच में सामने आया कि घटना के बाद आरोपियों का पीछा करने वाले अरविंद राठौर नाम के युवक को बदमाशों ने जबरन अगवा कर लिया।बर्बरता से पिटाईः बदमाश अरविंद को बलगी क्षेत्र के सुनसान इलाके में ले गए और लाठी-डंडों से उसकी बेरहमी से पिटाई की।कनपटी पर तानी पिस्तौलः खौफ पैदा करने के लिए बदमाशों ने अरविंद की कनपटी पर पिस्तौल तानकर दो राउंड हवाई फायरिंग भी की।लाखों की लूटः हमलावर अरविंद को मरा हुआ समझकर छोड़ गए और उसके पास रखे ₹1 लाख कैश, आईफोन , सोने की चेन तथा अंगूठी लूटकर भाग निकले।

इस सनसनीखेज वारदात के बाद पूरे इलाके में तनाव और दहशत का माहौल है। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक ([SP]) सिद्धार्थ तिवारी और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अब तक 5 संदिग्धों को हिरासत में ले लिया है। हिस्ट्रीशीटर है मुख्य आरोपीः मुख्य आरोपी नीरज साहू (निवासी कठिनार) फिलहाल फरार है। पुलिस के अनुसार, नीरज एक आदतन अपराधी है जिस पर पहले से ही आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं और वह अवैध डीजल व कबाड़ के धंधे में संलिप्त है।अस्पताल में इलाज जारीः गंभीर रूप से घायल चंद्रमणि रात्रे का अस्पताल में इलाज चल रहा है, जहां उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही.

## नेपाल ने माना भारत का लोहा

### सीमा विवाद पर बोला- खुले मन से होगी बातचीत

**नई दिल्ली,7 जून।** नेपाल और भारत में सीमा विवाद को लेकर भारत ने पहले भी स्पष्ट कर दिया था कि इसमें किसी तीसरे का दखल स्वीकार नहीं किया जाएगा। नेपाल भारत के कड़े रुख को देखकर नरम पड़ रहा है। इन दिनों नेपाल के विदेश मंत्री भारत यात्रा पर हैं। सीमा विवाद को लेकर नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह की टिप्पणी के बाद अब नेपाल नरम पड़ता दिख रहा है। नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनाल ने भारत की ताकत का लोहा मानते हुए कहा कि भारत एक बड़ी तकनीकी और आर्थिक शक्ति के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि नेपाल भारत के साथ सौहार्दपूर्ण बातचीत के जरिए ही सीमा विवाद का हल चाहता है। भारत दौरे पर आए खनाल ने कहा, जब हम सीमा की ओर देखते हैं तो भारत एक आर्थिक महाशक्ति के तौर पर नजर आता है। उन्होंने कहा कि भारत ने वैश्विक स्तर पर खुद को साबित किया है और अर्थव्यवस्था के मामले में मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि नेपाल की नई सरकार भारत को किसी भी मायने में विरोधी के तौर पर नहीं देखती है। खनाल ने कहा कि हम अब अतीत के मामलों के साथ बंधे नहीं रहना चाहते हैं बल्कि भारत के साथ परस्पर लाभकारी संबंध चाहते हैं। उन्होंने कहा, हम भारत के साथ सीमा मुद्दे को 'खुले मन' से और द्विपक्षीय ढांचे के आधार पर हल करना चाहते है। हम 21वीं सदी की भू-राजनीति के विकृत, अति संवेदनशील नजरिए से भारत को नहीं देखते। बता दें कि खनाल और विदेश मंत्री एस जयशंकर के बीच एक दिन पहले ही बातचीत हुई है।

खनाल भारत के तीन दिवसीय दौरे पर आए हैं। खनाल ने कहा कि जब हम खुले मन से साथ बैठेंगे तो सब साफ हो जाएगा और कोई भी मुद्दा इतना जटिल नहींहै कि जिसका हल ना निकल सके। उन्होंने कहा कि आंकड़ों और तथ्यों के आधार पर सारी बातचीत होगी तो हल भी निकल आएगा।

जयशंकर के साथ बैठक के दौरान खनाल ने कहा कि नेपाल भारत के साथ अपने संबंधों को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है और बालेंद्र शाह के नेतृत्व वाली सरकार नयी दिल्ली के साथ ठोस और सार्थ रूप से जुड़ने के लिए तैयार है।

उन्होंने कहा था, 'भारत और नेपाल के बीच एक विशेष संबंध है, जो सीमा पार संपर्क और साझा सांस्कृतिक एवं धार्मिक परंपराओं की मजबूत नींव पर आधारित है।' बालेंद्र शाह ने 31 मई को कहा था कि भारत के साथ लंबे समय से चले आ रहे सीमा विवाद पर चर्चा के अलावा, काठमांडू चीन और ब्रिटेन के साथ भी संपर्क में है। मामला लिपुलेख का है। नेपाल इस इलाके पर दावा करता है और अपने मैप में भी दिखा चुका है। वहीं आजादी से पहले के समझौते के मुताबिक ही भारत का इस क्षेत्र पर कब्जा है। मानसरोवर-कैलास यात्रा के लिए भी लिपुलेख बहुत महत्वपूर्ण है।

## कटहल के नीचे छिपाकर ले जा रहे थे गांजा,दो गिरफ्तार

**महासमुंद,7 जून।** अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत महासमुंद पुलिस और एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स को बड़ी सफलता मिली है। संयुक्त कार्रवाई में पुलिस ने कटहल की खेप के नीचे छिपाकर ले जाए जा रहे 125.700 किलोग्राम गांजा को जब्त करते हुए दो अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। जब्त गांजे की अनुमानित कीमत 62 लाख 85 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस को सूचना मिली थी कि ओडिशा से एक पिकअप वाहन में कटहल लोड कर उसके नीचे गांजा छिपाकर उत्तर प्रदेश ले जाया जा रहा है। सूचना के आधार पर थाना सिंघोड़ा क्षेत्र के रेहटीखोल चेक पोस्ट पर विशेष जांच अभियान चलाया गया। इसी दौरान संदिग्ध पिकअप वाहन को रोककर उसकी




तलाशी ली गई। जांच के दौरान कटहल की बोरियों के नीचे छिपाकर रखी गई चार प्लास्टिक बोरियों से 125.700 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपनी पहचान धीरेंद्र कुमार गौतम (42) निवासी करछना, जिला प्रयागराज तथा लवकुश गौतम (22) निवासी बारा, जिला प्रयागराज, उत्तर प्रदेश के रूप में बताई। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि गांजा ओडिशा के बलांगीर क्षेत्र से लाकर प्रयागराज में खपाने की योजना थी।

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से गांजे के अलावा एक टाटा माजदा पिकअप वाहन और एक मोबाइल फोन भी जब्त किया। वाहन, मोबाइल और गांजे सहित कुल जब्त संपत्ति का मूल्य करीब 70 लाख 93 हजार रुपये आंका गया है।पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (बी)(सी) के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। अधिकारियों का कहना है कि ओडिशा सीमा से लगे अंतर्राज्यीय चेक पोस्टों और अंदरूनी मार्गों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। हाल के दिनों में फल, सब्जियों और अन्य सामानों की आड़ में मादक पदार्थों की तस्करी के कई प्रयास सामने आए हैं, जिन्हें पुलिस ने विफल किया है।




# विशेष ग्राम सभा में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की जानकारी दी गई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 7 जून।** ग्राम पंचायत औसर-डिघारी में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं स्वच्छ गांव के निर्माण के उद्देश्य से विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। बैठक में ग्रामीणों को कचरा प्रबंधन, स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण,खेत बचाओ अभियान के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

ग्राम सभा में घर-घर से निकलने वाले गीले एवं सूखे कचरे का पृथक्करण, प्लास्टिक कचरे के दुष्प्रभाव, सार्वजनिक स्थानों पर कचरा न फैलाने तथा स्वच्छता बनाए रखने के उपायों पर चर्चा की गई। ग्रामीणों को बताया गया कि ठोस अपशिष्ट का उचित प्रबंधन न केवल गांव को स्वच्छ बनाता है, बल्कि स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को भी कम करता है।

बैठक में ग्राम पंचायत द्वारा स्वच्छता गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने, कचरा संग्रहण व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित ग्रामीणों ने गांव को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में सक्रिय सहयोग देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सरपंच श्रीमती प्रियालता महिपाल ने कहा कि स्वच्छ एवं स्वस्थ गांव के निर्माण के लिए प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने सभी ग्रामीणों से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के नियमों का पालन करने और स्वच्छता अभियान में सहयोग करने की अपील की।




कार्यक्रम में शशि वर्मा सचिव,पंचायत प्रतिनिधि सुरेश वर्मा,भूपेश निर्मलकर, खुमान यादव, प्रकाश भास्कर, सुखदेव ठाकुर, दौलत राम ठाकुर, अनीता वर्मा, अनीता ठाकुर, अंजू महिपाल ,श्यामा भारती, मीना यादव, चंद्रकला वर्मा,गजेंद्र भारती, उत्तर ठाकुर, पिंगला भास्कर, निर्मला भांडेकर, उषा भारती, भूषण वर्मा, मुरली मनोहर चंदेल, ललिता वर्मा, शशि महिपाल, मंजू ठाकुर, दिनेश धनकर, मोतीलाल ठाकुर, छबीलाल सोनवानी,पूजा ठाकुर,स्वच्छता दीदी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका,ग्रामवासी, महिला स्व-सहायता समूहों के सदस्य, युवा एवं अन्य गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

# 10 सालों से खुला पड़ा है बोर केसिंग पाइप, दुर्घटना की आशंका

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई, दुर्ग, 7 जून।** उतई नगर पंचायत क्षेत्र में वार्ड 02 में एक बोरवेल/हैंडपंप का लोहे का केसिंग पाइप पिछले लगभग 10 वर्षों से बिना किसी उपयोग और सुरक्षा व्यवस्था के खुला पड़ा हुआ है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद आज तक इसे हटाने, ढंकने या सुरक्षित करने की कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। मौके पर देखा जा सकता है कि सड़क किनारे निकला हुआ लोहे का पाइप राहगीरों, बच्चों और दोपहिया वाहन चालकों के लिए खतरा बना हुआ है। रात्रि के समय या कम रोशनी में दुर्घटना होने की संभावना और बढ़ जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर पंचायत द्वारा समय-समय पर विकास कार्यों के दावे किए जाते हैं, लेकिन इस तरह के खतरनाक स्थानों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। नागरिकों ने मांग की है कि संबंधित विभाग तत्काल निरीक्षण कर इस समस्या का स्थायी समाधान करे तथा जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि भविष्य में कोई दुर्घटना होती है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी नगर पंचायत प्रशासन की होगी।

जनता की मांग है कि खुले पड़े बोर/केसिंग पाइप को तत्काल हटाया जाए या सुरक्षित किया जाए। क्षेत्र का निरीक्षण कर अन्य खतरनाक स्थानों की भी जांच की जाए। नागरिक सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाए।

## एक नजर

### डिवाइडर से टकराकर बाइक सवार की मात

**भिलाई, 7 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जेवरा सिरसा चौकी क्षेत्र के सड़क किनारे बने डिवाइडर से टकराने के बाद मोटरसाइकिल चालक की मौत हो गई मृतक दुर्ग संभागायुक्त के वाहन चालक के पद पर कार्यरत था मामले में जेवरा सिरसा चौकी पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान त्रिभुवन तिवारी (58 साल ) निवासी सुभाष चौक, सुपेला के रूप में हुई वह मोटरसाइकिल से बेलोदी मार्ग पर जा रहा था इसी दौरान त्रिभुवन की बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने डिवाइडर से टकरा गई टक्कर इतनी जोरदार थी कि वह बाइक सहित दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए घटना की सूचना मिलते ही 112 की टीम मौके पर पहुंची और उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया प्राथमिक जानकारी के मुताबिक मृतक दुर्ग कमिश्नर का वाहन चलाक था मामले में पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

### आपसी रंजिश के चलते मारपीट, मामला दर्ज

**भिलाई, 7 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुरानी रंजिश के चलते मारपीट करने का मामला सामने आया है मिली जानकारी के मुताबिक सिद्धार्थ नगर में बीती रात कुंडे व परिहार परिवार के बीच रंजिश के मध्य दो पक्षों में जमकर मारपीट हुआ एक पक्ष में 15-20 लोग विवाद में पहुंचे थे कुछ माह पहले भी दोनों परिवारों के बीच विवाद हो चुका है मामला न्यायालय तक पहुंचा था उसी विवाद को लेकर दोनों पक्षों में तनाव है। रात को बच्चों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया आरोप है कि एक पक्ष के लोग लाठी, डंडे, लोहे की रॉड और चाकू लेकर परिहार परिवार के यहां पहुंचे घर में घुसकर तोड़फोड़ की गई और परिवार पर हमला कर दिया हम?ले में 7 लोग घायल हैं किसी को चाकू लगा है तो किसी के सिर में गंभीर चोट आई है। सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया है , दुर्ग सिटी कोतवाली थाने पुलिस ने सिद्धार्थ नगर में पुलिस बल तैनात किया गया है दुर्ग सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुटी हुई है पुलिस दोनों पक्षों से पूछताछ कर रही है।

### ड्राइवर ने घर में फांसी लगाकर की खुदकुशी

**भिलाई, 7 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वैशाली नगर थाना अंतर्गत शनिवार की सुबह एक ड्राइवर ने



अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली इस घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई शुरू की फिलहाल पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है वैशाली पुलिस ने बताया कि अर्जुन नगर निवासी रूपेश वर्मा (25 साल ) टूर एंड ट्रेवल्स की गाड़ी चलाता था और इसी काम से परिवार का खर्च चलता था। बताया जा रहा है कि वह पिछले कुछ समय से आर्थिक परेशानियों से जूझ रहा था। परिजनों और आसपास के लोगों के अनुसार शनिवार सुबह करीब 5 बजे रूपेश रोज की तरह घर से टहलने के लिए निकला था। कुछ समय बाद वह वापस घर लौटा। इसके बाद उसने अपने कमरे में जाकर फांसी लगा ली। जब परिवार के लोगों ने उसे देखा तो तुरंत आसपास के लोगों को जानकारी दी गई। घटना की सूचना पुलिस को भी दी गई? पुलिस जांच में जुटी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है पुलिस परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है ताकि घटना के पीछे की वजह स्पष्ट हो सके? स्थानीय लोगों के अनुसार रूपेश पैसों को लेकर परेशान था आर्थिक दिक्कतों की बात सामने आ रही है, लेकिन पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही आत्महत्या के कारणों को लेकर कुछ स्पष्ट कहा जा सकेगा?

# पुलिस ने ऑनलाइन सट्टा के मामले में भिलाई के मास्टर माइंड सहित 8 लोगों को गिरफ्तार किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दुर्ग, 7 जून।** पुलिस ने नागपुर स्थित किराए के मकान में दबिश देकर ऑनलाइन सट्टा चलाने वाले एक गिरोह को दबोचा इस मामले में भिलाई का मास्टर माइंड आरोपी यूपी-बिहार के युवकों को लेकर नागपुर में सट्टा सिंडिकेट चला रहा था। ऑनलाइन सट्टा में प्रतिदिन लगभग 4 से 5 लाख का लेन-देन और हर माह लगभग 1.50 करोड़ की कमाई का खुलासा हुआ। हुआ है। पुलिस ने मास्टर माइंड समेत 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं ऑनलाइन सट्टे की अवैध कमाई से खरीदे गए लगभग 23 लाख रुपए मूल्य के सोने एवं डायमंड के आभूषण भी जब्त किया है अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( शहर ) सुखनंदन राठौर ने बताया कि अवैध ऑनलाइन सट्टा कारोबार के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना छावनी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि थाना छावनी क्षेत्र निवासी निशांत कुमार गुप्ता (29 साल ) निवासी सुभाष चौक, शीतला मंदिर के पास कैप-02, भिलाई का रहने वाला लंबे समय से विभिन्न राज्यों में छिपकर ऑनलाइन सट्टा संचालन का कार्य कर रहा है तथा वर्तमान में अपने निवास स्थान से भी ऑनलाइन क्रिकेट बेटिंग गतिविधियों का संचालन कर रहा है सूचना पर थाना छावनी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संदिग्ध निशांत कुमार गुप्ता को हिरासत में लेकर पूछताछ की उसके मोबाइल एवं अन्य डिजिटल उपकरणों की प्रारंभिक जांच में सूचना सही पाई गई पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह सी-बी क्रिकेट बुझ बेटिंग ऐप एवं रुबि बेट नामक ऑनलाइन बेटिंग प्लेटफॉर्म की आईडी संचालित करता है तथा पुलिस से बचने के उद्देश्य से अपने सहयोगियों को महाराष्ट्र राज्य के नागपुर शहर में किराये का मकान लेकर वहां से ऑनलाइन सट्टा संचालन करवाता है मुख्य आरोपी निशांत कुमार गुप्ता की निशानदेही पर दुर्ग पुलिस की विशेष टीम ने नागपुर स्थित किराए के मकान में दबिश दी मौके पर पुलिस ने इन आरोपियों को किया है गिरफ्तार

आरोपी निशांत कुमार गुप्ता (29 साल ) कैप-02, अखिलेश यादव (22 साल ) निवासी खुड़ापार, थाना मेहनगर, जिला आजमगढ़ (उ.प्र.), पंकज यादव (22 साल ) निवासी खुड़ापार, थाना मेहनगर, जिला आजमगढ़ (उ.प्र.), आशीष जायसवाल (20 साल ) निवासी खेरी कोठा, थाना मधुवन, जिला मऊ (उ.प्र.), विशाल पटेल (29 साल ) निवासी बरवा विद्यापति, थाना महाराजगंज, जिला महाराजगंज (उ.प्र.), शिवम चौहान (23 साल ) निवासी झउवा, थाना मेहनगर, जिला आजमगढ़ (उ.प्र.), जयहिंद यादव (22 साल ) निवासी कुढ़ापार, थाना मेहनगर, जिला आजमगढ़ (उ.प्र.), वेचन मुखिया (24 साल ) निवासी बेनीपुर, थाना बहेड़ा, जिला दरभंगा (बिहार) व भागीरथ राम ( 35 साल ) निवासी नयागांव, थाना रेयाम, जिला दरभंगा (बिहार) गिरफ्तार किया है बड़ी मात्रा में बैंक खातों से संबंधित दस्तावेज समेत सिम कार्ड बरामद हुए हैं।

प्रकरण की विवेचना के दौरान आरोपियों के कब्जे से बड़ी संख्या में बैंक खातों से संबंधित दस्तावेज, एटीएम कार्ड, पासबुक, सिम कार्ड एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य बरामद हुए। जांच में प्रथम दृष्टया यह तथ्य सामने आया कि उक्त बैंक खाते, एटीएम कार्ड एवं मोबाइल सिम कार्ड वास्तविक खाताधारकों एवं व्यक्तियों से बेईमानी, छलपूर्वक अथवा अन्य अवैध तरीकों से प्राप्त किए गए थे तथा उनका उपयोग ऑनलाइन सट्टे से प्राप्त धनराशि के संग्रहण, हस्तांतरण एवं छिपाने के लिए किया जा रहा था। ऑनलाइन सट्टे से प्राप्त राशि को विभिन्न बैंक खातों में जमा कर परत-दर-परत ट्रांसफर किया जाता था। इससे वास्तविक लाभार्थियों एवं अपराध से अर्जित धनराशि के स्रोत को छिपाया जा सके। विवेचना के दौरान यह भी पता चला कि मुख्य आरोपी निशांत कुमार गुप्ता द्वारा पिछले कई वर्षों से ऑनलाइन सट्टा संचालन से अर्जित अवैध धनराशि का उपयोग महंगे आभूषण एवं अन्य संपत्तियां अर्जित करने में किया गया। जांच में यह तथ्य सामने आया कि आरोपी ने खरीदे गए सोने एवं डायमंड मिश्रित आभूषण महावीर ज्वेलर्स, पावर हाउस में 10 माह पूर्व गिरवी रखे गए थे पुलिस ने उक्त आभूषणों को अपराध से अर्जित संपत्ति मानते हुए विधिवत जप्त किया गया है जप्त आभूषणों में लगभग 15 तोला सोना एवं डायमंड मिश्रित जेवरात शामिल हैं, जिनकी अनुमानित बाजार कीमत लगभग 23 लाख रुपये है पकड़े गए युवक 20 से 25 हजार रुपए वेतन में करते थे काम क्राइम डीएसपी यदुमणि सिदार ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे ऑनलाइन सट्टे में डिपॉजिट, विड्रॉल, अकाउंट संचालन, आईडी प्रबंधन एवं अन्य तकनीकी कार्य करते थे। इसके बदले उन्हें प्रतिमाह लगभग 20,000 से 25,000 वेतन तथा अन्य सुविधाएं प्रदान की जाती थी। जांच में यह भी सामने आया कि युवकों को लालच देकर संगठित रूप से ऑनलाइन सट्टा संचालन में लगाया गया था आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उनके द्वारा प्रतिदिन लगभग 4 से 5 लाख का ऑनलाइन लेन-देन किया जाता था, जो प्रतिमाह लगभग 1.50 करोड़ तक पहुंचता था मुख्य आरोपी निशांत कुमार गुप्ता विभिन्न राज्यों में स्थान बदल-बदल कर ऑनलाइन सट्टा संचालन का कार्य कर रहा था पुलिस जांच में यह तथ्य सामने आया है कि आरोपी लगातार अपने ठिकाने बदलकर एवं अन्य राज्यों में रहकर अवैध गतिविधियों को संचालित करता था। इससे उसके विरुद्ध पूर्व में प्रभावी कानूनी कार्रवाई से बचता था ऑनलाइन सट्टा संचालन करते हुए कुल 8 व्यक्तियों को रंगे हाथों पकड़ा गया। पुलिस अधीक्षक छावनी सीएसपी प्रशांत सिंह पैकरा, छावनी प्रभारी अमति अंदानी उपस्थित थे पुलिस ने यह किये हैं जब्त एंड्रॉयड मोबाइल 26 नग, लैपटॉप 03 नग, आईपैड 02 नग, एटीएम कार्ड 85 नग, बैंक पासबुक 18 नग, एक्सटेंशन बोर्ड 19 नग, लैपटॉप चार्जर 03 नग, मोबाइल चार्जर 07 नग, पावर बैंक 19 नग, टीवी कनेक्टर 19 नग, चेकबुक 02 नग, आधार कार्ड विभिन्न, सिम कार्ड 45 नग, हिसाब-किताब रजिस्टर एवं दस्तावेज, नगदी राशि 1,54,620 रुपए, 45 सिम कार्ड जब्त की है।

# हार्वेस्टर दिलाने के नाम पर ठगी करने वाला गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 7 जून।** नए हार्वेस्टर को खरीदने का रकम प्राप्त कर ठगी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है जेवरा सिरसा प्रभारी समित मिश्रा ने बताया कि मेसर्स दुर्ग ट्रेक्टर्स का अधिकृत डीलर मालवीय नगर, शांति निकेतन अपार्टमेंट मोहन नगर दुर्ग निवासी वरूण प्रताप सिंह ने नया हार्वेस्टर की राशि प्राप्त करने के बाद पीड़ितों को हार्वेस्टर उपलब्ध नहीं कराया है इसे लेकर पुलिस में परशुराम साहू, धनेश ढीमर एवं टीकाराम साहू ने लिखित शिकायत किया था हर्वेस्टर को लेकर लगातार वरुण टाल मटोल कर पीड़ितों को घुमाता रहा पुलिस जांच के बाद पीड़ितों द्वारा हार्वेस्टर के लिए बैंक से राशि फायनेंस कराई गई सीधे वरुण प्रताप सिंह के फर्म में बैंक से ट्रांसफर हुई पीड़ितों व्दारा नगद राशि का भुगतान भी अनावेदक को किया था लेकिन डीलर वरुण प्रताप सिंह पीड़ितों को नया हार्वेस्टर की राशि लेने के बाद भी उन्हें उपलब्ध नहीं कराया पीड़ित से 27 लाख रुपए डीलर वरुण ने लिया जेवरा सिरसा चौकी पुलिस ने आरोपी को खोजबीन कर तुरंत गिरफ्तार किया है डीलर प्रताप के खिलाफ डौण्डी लोहारा बालोद में भी अपराध दर्ज है।

# बीएसपी के स्क्रैप चोरी के मामले में 14 दिन के बाद भी फरार आरोपी संजय सिंह की गिरफ्तारी नहीं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दुर्ग, 7 जून।** बीएसपी में स्क्रैप चोरी प्रकरण 14 दिन बाद भी फरार आरोपी संजय सिंह गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। अब दुर्ग पुलिस ने संजय और उसके बेटे अभय सिंह पर 10-10 हजार इनाम रुपये के इनाम की घोषणा की है।

प्रकरण में संलिप्त 08 आरोपियों को पुलिस पूर्व में गिरफ्तार कर चुकी है पुलिस ने बताया कि 26 मई को मुखबिर से सूचना के आधार पर ग्राम अकलोरडीह खदान पारा स्थित एके. ट्रेडर्स, प्लॉट नंबर 18 ए/05, एच.आई.ए. हथखोज में जांच की गई। जांच के दौरान विभिन्न हाइवा एवं ट्रकों में फ्लू डस्ट के साथ बीएसपी से चोरी किए गए लोहे की प्लेट, बीम एवं कटिंग लोड होना पाया गया मौके पर लोहे की प्लेट, बीम कटिंग एवं अन्य स्क्रैप सामग्री के बड़े पैमाने पर भंडारण के साथ-साथ स्क्रैप की





लोडिंग एवं परिवहन में प्रयुक्त वाहन एवं मशीनरी भी पाई गई जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि फ्लू डस्ट परिवहन की आड़ मे बीएसपी से चोरी किए गए स्क्रैप का अवैध परिवहन किया जा रहा था इस के दौरान लगभग 250 टन लोहे सुपरवाइजर घनश्याम से पूछताछ में पुलिस के हाथ लगी कई जानकारियां छावनी सीएसपी प्रशांत सिंह पैकरा ने बताया कि सांई एसोसिएट के सुपरवाइजर घनश्याम गुप्ता को 30 मई को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर दो दिन की रिमांड ली गई थी पूछताछ में कई जानकारियां हाथ लगी है वहीं फरार संजय सिंह के एकाउंट की जानकारी हासिल कर रही है आने वाले दिनों में और भी खुलासा होने की संभावना है? की प्लेट एवं बीम कटिंग जब्त की थी साथ ही परिवहन एवं लोडिंग में प्रयुक्त वाहनों एवं मशीनों। सहित कुल लगभग 3 करोड़ 22 लाख रुपये मूल्य की संपत्ति बरामद की थी प्रकरण में संलिप्त 8 आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है।

विवेचना के दौरान मुख्य फरार आरोपी संजय सिंह एवं अभय सिंह की संलिप्तता पाए जाने पर उनकी गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास किए जा रहे हैं फरार आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दुर्ग डीआईजी विजय अग्रवाल ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध पृथक-पृथक 10,000 रुपये के इनाम की घोषणा की गई है?

# धोखाधड़ी करने वाले पिता-पुत्र गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 7 जून।** भूमि विक्रय के नाम पर 25.51 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने वाले पिता पुत्र के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

पुलगांव थाने पुलिस ने भूमि विक्रय एवं नामांतरण के संबंध में छल पूर्वक राशि प्राप्त कर धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज किया है आरोपी गण भूपेंद्र कुमार निर्मलकर निवासी चंदखुरी तथा खिलेंद्र कुमार निर्मलकर निवासी चंदखुरी ने भूमि विक्रय एवं नामांतरण प्रक्रिया के दौरान कथित छलकपट एवं आर्थिक लाभ प्राप्त करने की मंशा से धोखाधड़ी किया था पुलगांव प्रभारी गुरविंदर सिंह ने बताया कि प्रार्थी ने पुलगांव थाना में शिकायत दर्ज कराई थी कि मौजा चंदखुरी स्थित भूमि को क्रय



करने के लिए कुल 25,51,000 रुपए का भुगतान बैंकिंग माध्यम से किया गया था।

भूमि का पंजीकृत विक्रय पत्र निष्पादित होने के पश्चात नामांतरण प्रक्रिया के दौरान आपत्ति प्रस्तुत कर नामांतरण निरस्त कराया गया आरोपियों द्वारा भूमि संबंधित दस्तावेज एवं आपसी सहमति पत्र के आधार पर शिकायतकर्ता को विश्वास में लेकर विक्रय प्रतिफल प्राप्त किया गया तथा बाद में राजस्व प्रक्रिया में हस्तक्षेप कर भूमि का नामांतरण शिकायतकर्ता के पक्ष में नहीं होने दिया गया शिकायत एवं प्रस्तुत दस्तावेजों के परीक्षण पर प्रथम दृश्यता अपराध गठित पाए जाने पर थाना पुलगांव में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

# नगर में हाईटेक बस स्टैंड का शुभारंभ उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 7 जून।** कवर्धा शहर वासियों को लंबे अर्से बाद हाईटेक बस स्टैण्ड का सौगात मिला। छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा सहित उपस्थित अतिथियों ने बस संचालन कार्य का शुभारंभ किया। हाईटेक बस स्टैण्ड प्रारंभ होने का 8 वर्षो से इंतजार अब खत्म हुआ। कवर्धावासियों के साथ-साथ बस ऑपरेटरों ने बस संचालन का शुभारंभ होने से खुशी जताई। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कवर्धावासियों के साथ-साथ उपस्थित बस ऑपरेटरों, संचालकों, टैक्सी, ऑटो चालकों को बधाई व शुभकामनाएं दी तथा आज का दिन कवर्धा के लिए स्वर्णिम दिन बताया।




उप मुख्यमंत्री शर्मा ने शुभारंभ के अवसर पर कहा कि कवर्धा शहर के विस्तार का आज नया अध्याय प्रारंभ हुआ है। उन्होंने कहा कि हमने बनाया है हम ही संवारेंगे का कथन आज चरितार्थ हो रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह की सोच कर निर्णय से इसको बनाने का निर्णय लिया ओर तैयार किया गया और आज से इसका संचालन प्रारंभ हो रहा है। उन्होंने कहा कि बस स्टैंड में सुगम आने जाने के लिए घोटिया रोड का निर्माण किया गया है और इसके निर्माण में कवर्धा के लोगो से निवेदन किया गया। कवर्धा शहर के विस्तार के लिए यहां की जनता ने सहयोग किया और सड़क तैयार किया गया। आज उसी का परिणाम है कि नया बस स्टैंड प्रारंभ हुआ है उन्होंने कहा कि पुराना बस स्टैंड के खाली हो जाने पर उसका भी उपयोग किया जाएगा।

## पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के नेतृत्व में निकली साइकिल रैली

# विश्व साइकिल दिवस पर पुलिस ने दिया फिटनेस का संदेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कबीरधाम, 7 जून।** विश्व साइकिल दिवस एवं संडे ऑन साइकिल अभियान के अवसर पर आज कबीरधाम पुलिस द्वारा स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण एवं फिटनेस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विशेष साइकिल रैली एवं पैदल वॉकिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक कार्यालय, कबीरधाम से हुआ।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल, उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) आशीष शुक्ला, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कृष्ण कुमार चंद्राकर,



अखिलेश कौशिक, भूपत सिंह, रक्षित निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय तथा जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा शहर के प्रमुख मार्गों, चौक-चौराहों एवं काली गार्डन क्षेत्र में पैदल वॉकिंग की गई तथा तत्पश्चात साइकिल रैली के माध्यम से नागरिकों को नियमित व्यायाम, स्वस्थ जीवनशैली एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। रैली शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर पुनः पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची, जहां कार्यक्रम का समापन किया गया।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने कहा कि साइकिल केवल एक परिवहन का साधन नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन, स्वच्छ पर्यावरण और अनुशासित दिनचर्या का प्रतीक है। नियमित साइकिलिंग एवं शारीरिक गतिविधियां व्यक्ति को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कबीरधाम पुलिस सदैव समाज में सकारात्मक संदेश देने एवं जनजागरूकता बढ़ाने के लिए ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करती रहेगी।÷उन्होंने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों से अपने दैनिक जीवन में साइकिल एवं अन्य स्वास्थ्यवर्धक गतिविधियों को अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि स्वस्थ व्यक्ति ही स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है।कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने फिट इंडिया, स्वस्थ जीवनशैली तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए नियमित रूप से साइकिल चलाने एवं शारीरिक गतिविधियों में भाग लेने का संकल्प लिया। कबीरधाम पुलिस द्वारा आयोजित इस प्रेरणादायी कार्यक्रम को नागरिकों द्वारा भी सराहा गया।

## एक नजर

### पुलिस ने कबाड़ी दुकानों की आकस्मिक चेकिंग की और दी हिदायत

**राजनांदगांव 7 जून(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा (भा.पु.से.) के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर (रा.पु.से.) तथा नगर पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री अलेक्जेण्डर किरों (रा.पु.से.) के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के कबाड़ी दुकान (4) सलीम कबाड़ी खैरा रोड़ कन्हारपुरी, (5) अरूण कबाड़ी लखोली नाका राजनांदगांव पहुंचकर आकस्मिक रूप से चेकिंग किया, आपत्तिजनक समाग्री चोरी का समान नहीं पाया गया। कबाड़ियों को चोरी की समान लोहा, इत्यादि की खरीदी नहीं करने सख्त हिदायत दी गई एवं किसी भी व्यक्ति द्वारा चोरी की समान बिक्री करने दुकान में आता है, तो उसकी सूचना तत्काल थाने में देने की समझाईश दिया गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक उपेन्द्र कुमार साहू, सउनि0 संजीव कुमार मालेकर, आरक्षक राजेश साहू, अश्वनी ठाकुर, पूरन वर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

### कृषि विभाग ने उर्वरकों की कालाबाजारी



### पर की कृषि केंद्र पर कार्रवाई

**राजनांदगांव 7 जून(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में किसानों को सहकारी एवं निजी क्षेत्रों के माध्यम से आवश्यक मात्रा में उर्वरकों का सुगम, पारदर्शी एवं निर्धारित दर पर वितरण सुनिश्चित करने तथा उर्वरकों की अवैध जमाखोरी एवं कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए कृषि विभाग द्वारा लगातार निरीक्षण एवं कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कृषि विभाग की टीम द्वारा राजनांदगांव विकासखंड अंतर्गत घुमका स्थित देवांगन कृषि केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विक्रेता के पास बिना अभिलेख एवं वैध दस्तावेजों के 39 बैग डीएपी, 24 बैग 20 : 20 : 0 :13 तथा 8 बैग 28 : 28 : 0 उर्वरक का भंडारण पाया गया, जो प्रथम दृष्टया अवैध प्रतीत हुआ। कृषि विभाग की टीम द्वारा जांच में पाया गया कि डीएपी उर्वरक निर्धारित भंडारण स्थल के बजाय अन्य स्थान पर रखा गया था, जो उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के प्रावधानों का उल्लंघन है। इसके अलावा उपस्थित किसानों के बयान दर्ज किए गए, जिनमें डीएपी उर्वरक 2400 रूपए प्रति बैग तथा यूरिया 700 रूपए प्रति बैग की दर से विक्रय किए जाने की जानकारी प्राप्त हुई। निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर उर्वरक विक्रय किए जाने संबंधी शिकायतों को भी गंभीरता से लिया गया। उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के विभिन्न प्रावधानों के उल्लंघन पाए जाने पर कृषि विभाग द्वारा संबंधित विक्रेता के विक्रय परिसर को सील करने की कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में उर्वरक निरीक्षक श्री अविनाश दुबे एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी श्री मिथलेश साहू शामिल रहे। कृषि विभाग द्वारा किसानों के हितों के संरक्षण तथा उर्वरकों की कालाबाजारी एवं जमाखोरी पर अंकुश लगाने के लिए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

### सोमवार को गंजपारा स्कूल में तीन वार्डो के लिए जन समस्या निवारण शिविर

**राजनांदगांव 7 जून(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत जनता की समस्या का समाधान करने तथा उन्हें शासन की योजनाओ का लाभ देने नगर निगम द्वारा वार्डो में जन समस्या निवारण शिविर लगाया जा रहा हैं। शिविर के अंतिम चरण में दिनांक 8 जून सोमवार को प्रातः 10 बजे दोपहर 2 बजे तक हीरामोती वार्ड नं. 39, गुरूघासीदास वार्ड नं. 40 एवं नंदई वार्ड नं. 48 के लिए गंजपारा स्कूल बसंतपुर थाना के समीप जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किया जायेगा। शिविर में नगर निगम सहित विभिन्न विभागो के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहकर वार्डवासियो की समस्या सुन उनसे मांग एवं शिकायत संबंधी आवेदन प्राप्त कर शासन की योजना से लाभान्वित करेंगे।

# ग्राम सभा में स्वच्छता,पर्यावरण पर दिया गया जोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कलकसा (डोंगरगढ़)7 जून।** विकास खण्ड डोंगरगढ़ के ग्राम पंचायत कलकसा में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के विषय पर ग्राम सभा का आयोजन किया गया था। जिसमें जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमति भगवती साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गांधी, भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी के तैलीय चित्र की पूजा अर्चना कर ग्राम सभा प्रारंभ किया गया। ग्राम सभा को सचिव केदान सिन्हा द्वारा कार्यवाही लिपिबध्य करते हुए उपस्थित सदस्यों को जानकारी दिया गया। इस बीच स्वच्छ भारत मिशन के ब्लॉक समन्वयक रामकुमार मंगेशकर, कमलेश जघेल ने भी स्वच्छता के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दिया गया।


साथ ही मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमति साहू द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर सुप्रीम कोर्ट की आदेश की उल्लेख करते हुए बताया , कि स्वच्छता अभियान एक भारत की अभिनय पहल है। जो हम सबकी एक जिम्मेदारी है। जिसे हम अपने गांव , घर को कैसे साफसफाई कर सके । जिसे हमारे गांव व घर स्वच्छ एवं सुंदर हो सके । आपके गांव में स्वच्छ ग्राही दीदीया भी काम कर रही है। जिसे सहयोग करें। और अपने घरों से उन्हें प्रति दिन कचरा देते रहे। उसमें भी गिला , सूखा मेडिकल कीट्स को अलग अलग कर ही देवे जिसे उन्हें रखने में सरल व सुगमता से डिब्बा रख सके । साथ ही उन स्वच्छग्राही दीदीयो को हर माह प्रति दिन एक रुपए के हिसाब से 30/ तीस रुपए की दर से भुगतान भी किया जाना है। सीईओ मैडम ने सोख पीठ एवं पर्यावरण पर प्रकाश डालते हुए आग्रह किया कि वर्तमान समय को देखते हुए। हर घर में सोख पीठ होना चाहिए। साथ ही अपने अपने मां एवं परिवार व अपने जन्म दिन पर एक पेड़ अवश्य लगाए जिससे कि हमारा पर्यावरण संतुलन बना रहे। कार्यक्रम के अंत में सीईओ मैडम द्वारा स्वच्छता पर शपथ दिलाया गया। उसके बाद रीपा क्षेत्र में जाकर वृक्षारोपण किया गया। साथ ही रीपास्थल पर चल रहे पिनट बटर, एल्यूमीनियम से कढ़ाई वगैरा गतिविधियों का अवलोकन किया। जिसमें सरपंच श्रीमति उमा विनोद धुर्वे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमति भगवती साहू, सहायक विकास विस्तार अधिकारी कमलेश देवागन, करारोपण अधिकारी श्रीमति देवंतीन रामटेके , प्रधानमंत्री आवास शाखा से नेहा मैडम, समर्थ चेरिटेबल के प्रबंधक सचिव केदान सिन्हा, नरोत्तम सिंह कुंजाम, उपसरपंच राज धृतलहरे, पंच पूजा मंडावी, जितेशवरी, ढेला बाई , मोती लाल मंडावी, चंद्रेश मंडावी, सुदेश कुमार, सहित मुकेश कुमार, चैतू मंडावी, रमेश बग्गा, धनेश कुमार कुंजाम, बुधराम साहू, घनश्याम साहू ,सूरजा नेताम, हीरो बाई , कुंवारियां कुंजाम, हीरोदी बाई , गिरजा बाई, ललिता बाई सहित अधिक संख्या में ग्रामवासी गण उपस्थित रहे।

# खरीफ सीजन की तैयारी को लेकर जिला सहकारी बैंक सख्त

## किसानों को खाद-बीज और ऋण वितरण में नहीं होगी कोई परेशानी

■ अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल और उपाध्यक्ष भरत वर्मा ने शाखा प्रबंधकों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश, समितियों में खाद भंडारण और वितरण व्यवस्था पर विशेष जोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**राजनांदगांव 7 जून।** खरीफ सीजन को देखते हुए किसानों को खाद, बीज एवं नगद ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। बैंक के अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल एवं उपाध्यक्ष भरत वर्मा ने शुक्रवार को बैंक सभागार में आयोजित शाखा प्रबंधकों की समीक्षा बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों को शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप खाद एवं बीज का सुचारू वितरण किया जाए तथा ऋण वितरण प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की बाधा न आने पाए।

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव के सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में बैंक अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल एवं उपाध्यक्ष भरत वर्मा ने बैंक के समस्त शाखा प्रबंधकों के साथ खरीफ सीजन की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में किसानों को समय पर आवश्यक कृषि आदानों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया गया। अध्यक्ष श्री बघेल ने कहा कि खरीफ फसलों की बुवाई का समय किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। ऐसे में खाद, बीज एवं नगद ऋण वितरण की प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाया जाए ताकि किसी भी कृषक सदस्य को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने शाखा प्रबंधकों को निर्देशित किया कि समितियों के माध्यम से किसानों को शासन की निर्धारित पात्रता एवं मापदंडों के अनुसार खाद एवं बीज उपलब्ध कराया जाए। उपाध्यक्ष श्री भरत वर्मा ने कहा कि सहकारी समितियां ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और किसानों तक कृषि सुविधाएं पहुंचाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने सभी शाखा प्रबंधकों से समितियों के साथ निरंतर समन्वय बनाए रखने तथा वितरण व्यवस्था की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए। बैठक में जानकारी दी गई कि जिले की विभिन्न सहकारी समितियों में खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त मात्रा में उर्वरकों का भंडारण पहले से कर लिया गया है। पदाधिकारियों ने निर्देश दिए कि खाद के भंडारण एवं वितरण की व्यवस्था पूरी तरह व्यवस्थित रहे तथा किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार समय पर सामग्री उपलब्ध कराई जाए। साथ ही शाखा प्रबंधकों को समितियों का सतत निरीक्षण एवं परीक्षण करने, स्टॉक की नियमित समीक्षा करने तथा किसी भी प्रकार की कमी अथवा समस्या सामने आने पर उसका तत्काल निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि किसानों को सहकारी व्यवस्था का अधिकतम लाभ मिले और खरीफ सीजन के दौरान कृषि कार्यों में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। बैठक के दौरान बैंक के अधिकारियों एवं शाखा प्रबंधकों ने भी अपने-अपने क्षेत्रों की स्थिति से अवगत कराया तथा खाद, बीज और ऋण वितरण से संबंधित व्यवस्थाओं पर चर्चा की। बैंक प्रबंधन ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी शाखाएं और समितियां समन्वित प्रयासों के माध्यम से किसानों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराएंगी और खरीफ सीजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

# बोरतलाव अविश्वास प्रस्ताव की जांच पूरी, सरपंच संघ ने चुना नया अध्यक्ष

■ 20 में 18 पंचों ने दिया है सरपंच कैलाश उइके के खिलाफ समर्थन, जनपद सभा कक्ष में हुई सरपंच संघ की बैठक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कलकसा (डोंगरगढ़)7 जून।** ग्राम पंचायत बोरतलाव के सरपंच कैलाश उइके के खिलाफलाए गए अविश्वास प्रस्ताव मामले में शनिवार को प्रशासनिक जांच प्रक्रिया पूरी कर ली गई। जनपद पंचायत के अधिकारियों ने बोरतलाव पहुंचकर 3 जून को प्रस्तुत आवेदन में दर्ज हस्ताक्षरों और दस्तावेजों का सत्यापन किया। इस दौरान सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए थे। हाल के दिनों में पंचायत में बढ़े तनाव और पंचों द्वारा सुरक्षा की मांग को देखते हुए प्रशासन पूरी सतर्कता के साथ कार्रवाई करता नजर आया।

इधर, अविश्वास प्रस्ताव के बीच सरपंच संघ डोंगरगढ़ में भी बड़ा बदलाव देखने को मिला। जनपद पंचायत के सभा कक्ष में आयोजित बैठक में 40 से अधिक सरपंचों की मौजूदगी में पारागांव खुर्द के सरपंच कमलेश्वर वर्मा को सर्वसम्मति से सरपंच संघ का नया अध्यक्ष चुन लिया गया। बैठक में नई कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। संजय उइके को उपाध्यक्ष, लोचन वर्मा को सचिव, गायत्री शिव टेम्बुलकर को कोषाध्यक्ष तथा जाफर अली को संरक्षक बनाया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों का उपस्थित सरपंचों ने स्वागत किया और संगठन को मजबूत बनाने तथा पंचायत प्रतिनिधियों के हितों की रक्षा के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया।

गौरतलब है कि बोरतलाव ग्राम पंचायत के 20 में से 18 पंचों ने सरपंच कैलाश उइके के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का आवेदन एसडीएम कार्यालय में प्रस्तुत किया है। अविश्वास प्रस्ताव की प्रक्रिया आगे बढ़ने के साथ ही पंचायत और सरपंच संघ की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। अब प्रशासनिक जांच रिपोर्ट और आगामी कार्रवाई पर क्षेत्र की नजर बनी हुई है।

### युवा खिलाड़ियों को मिलेगा श्रेयस अय्यर का मार्गदर्शन

**रायपुर/मुंबई 7 जून।** एआई आधारित स्पोर्ट्स टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म काबुनी ने भारतीय क्रिकेटर श्रेयस अय्यर को अपना नया सुपर कोच बनाया है। वह कंपनी के सुपर कोच पैनल में शामिल हुए हैं, जिसमें पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर शेन वॉटसन और दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स पहले से मौजूद हैं। कंपनी जून में 12 से 16 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू करेगी, जिसमें युवा क्रिकेटरों को श्रेयस अय्यर की टीम में खेलने का अवसर मिलेगा। एआई आधारित यह प्लेटफॉर्म खिलाड़ियों को रियल टाइम फीडबैक देकर उनके खेल में सुधार करने में मदद करेगा। श्रेयस अय्यर ने कहा कि देश में प्रतिभा की कमी नहीं है, जरूरत सही मार्गदर्शन और बेहतर फीडबैक की है। वहीं, काबुनी के संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी निमेश पटेल ने कहा कि श्रेयस की सोच और लगातार बेहतर बनने की मानसिकता कंपनी के विजन से मेल खाती है।

# बढ़ता प्रदूषण एवं जलवायु परिवर्तन की चुनौतियां हम सभी के सामने गंभीर रूप से उपस्थित हैं:पवन कुलकर्णी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा नेवर 7 जून।** इस अवसर पर प्लांट के इकाई प्रमुख पवन कुलकर्णी ने अपने संदेश में कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण एवं जलवायु परिवर्तन की चुनौतियां हम सभी के सामने गंभीर रूप से उपस्थित हैं। प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखते हुए औद्योगिक विकास करना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। हमें ऊर्जा संरक्षण, संसाधनों के कुशल उपयोग, नवीकरणीय ऊर्जा (जैसे सोलर एवं ग्रीन एनर्जी) को बढ़ावा देने तथा जल एवं जैव विविधता के संरक्षण के लिए समर्पित होकर कार्य करना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित एवं स्वच्छ पर्यावरण सुनिश्चित किया जा सके।

फंक्शनल हेड टेक्निकल, राजीव सिंघल ने कहा कि औद्योगिक संचालन में पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करना अत्यंत आवश्यक है। आधुनिक तकनीकों, उन्नत प्रदूषण नियंत्रण उपकरणों एवं सुरक्षित संचालन प्रक्रियाओं को अपनाकर हम न केवल पर्यावरणीय प्रभाव को कम कर सकते हैं, बल्कि कार्यस्थल पर दुर्घटनाओं की संभावना को भी न्यूनतम कर सकते हैं। उन्होने सभी को यह अवगत कराया कि ग्लोबल वार्मिंग, कार्बन उत्सर्जन में वृद्धि, जल संकट एवं जैव विविधता में कमी जैसी समस्याओं से निपटने के लिए हमें सामूहिक प्रयास करने होंगे। ऊर्जा संरक्षण, जल प्रबंधन, प्लास्टिक उपयोग में कमी, कचरा प्रबंधन तथा हरित पहल को बढ़ाना समय की मांग है।

माइंस एफएच, अशोक कुमार सिन्हा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि खनन गतिविधियों के दौरान पर्यावरण संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। खनन क्षेत्र में हरित पट्टी का विकास, वर्षा जल संचयन, भूमि पुनर्वास एवं जैव विविधता संरक्षण जैसे प्रयास हमारे सतत विकास के महत्वपूर्ण अंग हैं। वृक्षारोपण एवं प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के माध्यम से हम पर्यावरणीय संतुलन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

एच आर विभाग प्रमुख जितेन्द्र तंवर ने सी एस आर के माध्यम से विभिन्न गांवों में पर्यावरण संरक्षण के लिए किये गये कार्यों की सराहना विश्व पर्यावरण दिवस सप्ताह के दौरान इकाई में स्लोगन प्रतियोगिता, विभिन्न विभागों में जागरूकता अभियान किया गया जिसमें इलेक्ट्रिकल विभाग से विवेक इंगोले, मैकेनिकल विभाग से अमित मिश्रा व हेमंत साहू, गुणवत्ता विभाग से अतुल रतले, एडमिन विभाग से अभिषेक तेवतिया का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर शहर भाजपा ने किया पौधारोपण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 7 जून।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शहर भाजपा मंडल द्वारा पर्यावरण एक संरक्षण की पहल पर वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें भाजपा के कार्यकर्ताओं ने आम, जामुन पीपल नीम, जाम जैसे अनेक छायादार वृक्षों के पौधे रोपण किए। इस दौरान कर नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ,उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा भाजपा मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बनोवाना महामंत्री विनय बंसल ,विनीत यादव ,महिला मोर्चा अध्यक्ष लक्ष्मी यादव , पार्षद अमित जैन हरीश मोटघड़े ,शारदा यादव ,शिवांगी साखरे, मेनका राजेश कंडरा ,बबीता मलागर रतन कोसे ,विजेंद्र सिंह ठाकुर ,राजा गिरधर, नम्रता चौबे ,अनीता इंदुरकर ,रामकुमार दडर्सेना, विश्वनाथ यादव ड्रा आलोक कल्चुरी, के पी साहू, रूपेंद्र इंदुरकर अलंकृत शर्मा ,जयंत साहू, मुकुंद कंडरा ,आवेश निगम मधुसूदन अग्रवाल चितरंजन साहू ,अजय शर्मा, अनिल लांजेबार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर 'एक पेड़ मां के नाम' पहल के तहत विशेष पौधरोपण किया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 7 जून।** विश्व पर्यावरण दिवस पर 'एक पेड़ मां के नाम' पहल के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन गौरी गणेश इस्पात प्राइवेट लिमिटेड ग्राम मढ़ी जिला रायपुर द्वारा किया गया। कम्पनी के अधिकारियो एवं कर्मचारियों ने कम्पनी के प्रांगण में फल, छाया और फूलदार पौधों का रोपण कर समाज को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ कम्पनी के वरिष्ठ महाप्रबंधक शुभागेश मिश्रा ने किया उन्होंने कहा उन्होंने कहा कि पेड़ सिर्फ पर्यावरण को ठीक रखने का तरीका नहीं है, बल्कि ये हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए एक सुरक्षित भविष्य की नींव भी हैं। उन्होंने लोगों से हर साल कम से कम एक पौधा लगाने की अपील की। उनके अनुसार, वृक्ष केवल पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने का साधन नहीं हैं, बल्कि हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित भविष्य की नींव हैं। हर व्यक्ति को वर्ष में कम से कम एक पौधा अवश्य इस अवसर पर चांडक जी ,शरद राज मिश्रा ,एस के महोबिया अमित सींग सहित अन्य स्थानीय नागरिक ,गौरी गणेश इस्पात प्राइवेट लिमिटेड ग्राम मढ़ी जिला रायपुर के अधिकारियो एवं कर्मचारियों एवं ग्रामीण भारी संख्या में उपस्थित रहे।

### असामाजिक तत्वों के विरुद्ध पुलिस चौकी सुरगी की प्रभावी कार्रवाई

**राजनांदगांव 7 जून।** पुलिस अधीक्षक महोदया सुश्री अंकिता शर्मा (भा.पु.से.) के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन (भा.पु.से.) के पर्यवेक्षण में जिले में अपराधों की रोकथाम एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सतत अभियान चलाया जा रहा है।



इसी क्रम में ग्राम जंगलेसर के ग्रामीणों द्वारा पुलिस चौकी सुरगी में एक लिखित शिकायत प्रस्तुत की गई, जिसमें बताया गया कि रामकुमार साहू नामक व्यक्ति पिछले लगभग एक माह से लगातार अनावश्यक फोन कॉल कर ग्रामीणों को परेशान कर रहा है। शिकायत प्राप्त होने पर पुलिस द्वारा मामले की जांच की गई।

जांच के दौरान रामकुमार साहू से पूछताछ की गई। पूछताछ के समय उसके द्वारा ग्रामीणों से पुलिस में शिकायत किए जाने की बात को लेकर वाद-विवाद एवं विवादास्पद व्यवहार किया गया, जिससे क्षेत्र में शांति व्यवस्था प्रभावित होने तथा संज्ञेय अपराध घटित होने की आशंका उत्पन्न हो गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए आरोपी के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए रामकुमार साहू, पिता स्व. मीलूराम साहू, उम्र 40 वर्ष, निवासी ग्राम ओदरागहन, थाना जामगांव (आर), जिला दुर्ग (छ.ग.) को धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 126 एवं 135(3) बीएनएसएस के अंतर्गत इस्तगाशा तैयार कर माननीय कार्यपालिक मजिस्ट्रेट, राजनांदगांव के समक्ष प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा जेल वारंट जारी किए जाने पर आरोपी को जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल कराया गया। पुलिस चौकी सुरगी द्वारा स्पष्ट किया गया है कि क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था भंग करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध भविष्य में भी इसी प्रकार की सख्त एवं वैधानिक कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।


# यथास्थितिवादी तो विरोध तो करेंगे ही

किसी भी देश समाज में दो तरह के लोग होते हैं। एक यथास्थितिवादी होते हैं यानी हर तरह के सुधार के विरोधी। जो यह मानकर चलते हैं कि जो व्यवस्था है, वही अच्छी है। उसमें सुधार की कोई जरूरत नहीं है। जब भी किसी क्षेत्र में कोई सुधार किया जाता है तो यथास्थितिवादी उसका विरोध करते हैं। वह मौके की ताक में रहते हैं कि किसी क्षेत्र में सुधार के बाद भी कोई गड़बड़ी तो हो, वह उस गड़बड़ी को विरोध करते हैं यह साबित करने लग जाते हैं, सुधार के बाद बनी नई व्यवस्था को पुरानी व्यवस्था से भी खराब है। यानी पुरानी व्यवस्था ही बेहतर थी कम से कम ऐसी गड़बड़ी तो नहीं होती थी।हर क्षेत्र में कुछ लोग जो पुरानी व्यवस्था या जो व्यवस्था बनी हुई है उसी के पक्षधर इसलिए होते हैं कि पुरानी व्यवस्था में वह जैसा चाहे वैसा भ्रष्टाचार कर सकते हैं,वह पुरानी व्यवस्था में भ्रष्टाचार के आदी है और नई व्यवस्था में भ्रष्टाचार की गुंजाइश कम हो जाती है, इसलिए यथास्थितिवादी सुधार का विरोध करते हैं, हर क्षेत्र में नई तकनीक का विरोध करते हैं ताकि उनका भ्रष्टाचार का धंधा चलता रहे।वह नहीं चाहते हैं कि भ्रष्टाचार कम होना चाहिए। इसलिए हर नई तकनीक का विरोध करते हैं क्योंकि तकनीक से भ्रष्टाचार की गुंजाइश कम होती जाती है। २०१४ के पहले कहा जाता था और यह सच भी था कि हम केंद्र से किसी आदमी को एक रुपए भेजते हैं तो उस आदमी तक एक रुपए नहीं १५ पैसे पहुंचते थे।यानी स्वीकार किया जाता था कि केंद्र से जो पैसा राज्यों के लोगों तक भेजा जाता है, उसमें ८५ प्रतिशत भ्रष्टाचार होता है।सब मानते थे,स्वीकार करते थे लेकिन इस व्यवस्था को यथास्थितिवादी बदलने को तैयार नहीं थे, वह मानने को तैयार नहीं थे कि ऐसी कोई व्यवस्था हो सकती है या सुधार हो सकता है कि अनिवार्य रूप से हो रहे ८५ प्रतिशत भ्रष्टाचार को रोका जा सकता है।सब मानते थे कि यह संभव नहीं है कि केंद्र से एक रुपए राज्यों को भेजा जाए तो लोगों को एक रूपए ही मिले। सब मानते थे कि कोई उपाय नहीं है लेकिन नई तकनीक आने के बाद ऐसा आज संभव हुआ है कि केंद्र एक रुपए राज्य के लाखों के खाते में भेजे तो कुछ मिनट में रुपए उसके खाते में पहुंच जाता है।यह इसलिए संभव हुआ है कि तकनीक के कारण केंद्र व राज्य के बीच जो विभिन्न पदों पर बैठे हुए आदमी थे और ८५ प्रतिशत भ्रष्टाचार करते थे,तकनीक के चलते उनकी जरूरत नहीं रही। यानी राज्य व केंद्र के बीच आदमियों की एक लंबी श्रृंखला है, वह जब तक है,भ्रष्टाचार को रोका नहीं जा सकता क्योंकि आदमी ही तो भ्रष्टाचार करता है, किसी भी सिस्टम में जब तक आदमी है,भ्रष्टाचार की गुंजाइश तो बनी ही रहेगी।किसी सिस्टम में मान लो १०० आदमी हैं और इनमें ९० ईमानदार है और दस बेईमान हैं तो दस प्रतिशत भ्रष्टाचार तो होगा ही। कोई यह नहीं देखेगा कि ९० लोग ईमानदार है सब यही देखेंगे कि भ्रष्टाचार हो रहा है यानी सिस्टम ठीक नहीं है।बुरी बात यह है कि ज्यादातर लोग १० प्रतिशत भ्रष्टाचार की बात करते हैं ९० प्रतिशत ईमानदार लोगों की कोई बात नही करता।पेपर लीक यही दस प्रतिशत लोग करते हैं और ९० प्रतिशत लोग सिस्टम को अच्छा बनाए रखने का प्रयास करते हैं लेकिन उनकी कोशिश का कोई मतलब नहीं रह जाता।सब मान लेते हैं कि पूरा सिस्टम ही गलत है।इस आधार पर लोग यह कहने से नहीं चूकते हैं कि सुधार के बाद बनाया गया नया सिस्टम ठीक नहीं है। किसी भी तरह की परीक्षा के लिए बनाया गया सिस्टम ठीक नहीं है क्योंकि पेपर लीक हो रहा है, कई तरह की तकनीकी गड़बड़ी हो रही है। यह बात तो सही है कि पेपर लीक नहीं होना चाहिए क्योंकि इससे बड़ी अव्यवस्था फैलती है, लाखों बच्चों,उनके परिजनों को कई तरह की परेशानी होती है। इसका मतलब यह नहीं है कि नया सिस्टम ही खराब है। पुराना परीक्षा का सिस्टम ही ठीक था। आज का जो नया सिस्टम वह कई सुधारों का परिणाम है। यह हम भूल गए हैं कि एक वक्त था जब बोर्ड की परीक्षा नहीं होती थी,स्कूल की परीक्षा पास कर लेना काफी होता था, बाद में पांचवी,ग्यारहवीं, उसके बाद दसवीं,बारहवीं की बोर्ड की परीक्षा शुरू हुई यानी परीक्षा का एक सिस्टम बना, यह सिस्टम उस बक्त होने वाले भ्रष्टाचार होने के कारण ही बना था यानी योग्यता का एक पैमाना बनाया गया। राज्य स्तर पर बोर्ड होते थे तो राज्य स्तर पर भ्रष्टाचार होने लगे। यानी जिस स्तर की परीक्षा होती थी,उस स्तर पर भ्रष्टाचार हुआ। इसलिए आज केंद्र के स्तर पर जो परीक्षा की व्यवस्था है वह राज्य स्तर पर होने वाले भ्रष्टाचार को रोकने के लिए बनाया गया है। पहले राज्य स्तर पर परीक्षा होती थी तो राज्य स्तर पर छात्र प्रभावित होते थे इसलिए हल्ला राज्य स्तर पर होता था। आज राष्ट्रीय स्तर पर परीक्षा हो रही है तो भ्रष्टाचार भी राष्ट्रीय स्तर पर किया जा रहा है। इससे पूरे देश में छात्र प्रभावित हो रहे हैं।देश में मेहनतकर पास होने वाले छात्रों की संख्या निश्चित रूप से ज्यादा है, ज्यादातर छात्र व माता पिता चाहते हैं कि उनका बेटा मेहनत कर परीक्षा पास करे।लेकिन कम संख्या में सही ऐसे छात्रों व माता पिता है जो चाहते हैं कि उनका बेटा बिना मेहनत के आसानी से परीक्षा पास कर ले, पेपर लीक इन्हीं लोगों के कारण होता है। यही लोग पेपर लीक लाखों रुपए देकर कराते हैं और पेपर लीक कराने के लाखों रुपए मिलते हैं ,इसलिए पेपर सेट करने वालों से लेकर पेपर केंद्रों में खोलनेवाला तक पैसे के लिए पेपर लीक करने तैयार हो जाते हैं।कोचिंग माफिया का इसमें बडा रोल होता है यानी पेपर लीक की मांग है तो पेपर लीक कराया जा रहा है। पेपर लीक रोकने के लिए भी सरकार को तकनीक का सहारा लेना पड़ेगा। पेपर लीक तकनीक के कारण आसान हो गया है तो पेपर लीक को तकनीक के जरिए ही रोकने का काम करना होगा।

विश्लेषण

# व्यवस्था के बाहर ही नहीं भीतर भी भरे हैं 'कॉकरोच '

**तनवीर जाफ़री**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने "मन की बात" कार्यक्रम के 134वें एपिसोड में लोगों से गर्मी से बचाव करने हेतु सावधानी बरतने की अपील की थी। इस अपील में दोपहर के समय घर से बाहर नहीं निकलना और चक्कर आने पर छायादार जगह पर लेटना जैसे अनेक देसी उपाय शामिल थे। परन्तु इस अपील के बावजूद गत 6 जून को हज़ारों छात्रों व युवाओं को दिल्ली की चिलचिलाती धूप में जंतर मंतर पर इकठ्ठा होने के लिये मजबूर होना पड़ा। यह युवा व छात्र देश के शिक्षा मंत्री से इस्तीफ़े की मांग कर रहे थे। जेन ज़ी ने जंतर मंतर पर यह घोषणा की कि यदि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफ़ा नहीं देते तो इस तरह के प्रदर्शन देशभर में किये जायेंगे। ग़ौरतलब है कि धर्मेंद्र प्रधान विगत लगभग 5 वर्षों से लगातार भारत सरकार के शिक्षा मंत्री के पद पर आसीन हैं। उन्हीं के कार्यकाल के दौरान NEET-UG 2024 जिसकी परीक्षा 5 मई 2024 को निर्धारित थी,का पेपर बिहार में लीक हुआ था। इस मामले में कई आरोपी गिरफ़्तार भी हुए थे। अभी पिछले दिनों उन्हीं के कार्यकाल में NEET-UG का पेपर लीक हुआ। इस से दुखी होकर चार छात्रों ने आत्महत्या कर ली और लगभग 22 लाख छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया। हालांकि कांग्रेस ने 2014-2024 तक 25 परीक्षाओं की सूची जारी की है जिसमें बिहार TET, UPSC तथा बिहार, उत्तर प्रदेश व राजस्थान आदि की राज्य स्तर की भर्ती परीक्षाओं में धांधली अथवा पेपर लीक की शिकायत है ।इनमें से कई मामले धर्मेंद्र प्रधान के पिछले कार्यकाल यानी 2021-2024 में हुए। ऐसे में युवा बेरोज़गार छात्रों का आक्रोशित होना स्वाभाविक है। अभी पेपर लीक पर युवाओं का आक्रोश सोशल मीडिया के माध्यम से सत्ता व व्यवस्था पर फूट ही रहा था की अचानक भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने गत 15 मई को एक मामले की सुनवाई के दौरान यह कह दिया कि "कॉकरोच की तरह ऐसे देश के कई युवा हैं, जिन्हें रोज़गार नहीं मिल रहा है । ये युवा आगे चलकर मीडिया, सोशल मीडिया और आर टी आई कार्यकर्ता बन जाते हैं और फिर व्यवस्था




पर हमला शुरू कर देते हैं "। जस्टिस सूर्यकांत के इस बयान के सार्वजनिक होते ही पहले से ही बेरोज़गारी व अनिश्चितता के माहौल में जी रहे देश के युवाओं में स्वभाविक रूप से उबाल आ गया। हालांकि विवाद बढ़ने पर मौक़े की नज़ाकत को भांप मुख्य न्यायाधीश ने अपनी सफ़ाई देते हुये कहा कि उनकी बात को तोड़-मरोड़ के पेश किया गया है। उनका निशाना युवा नहीं थे, बल्कि फ़र्ज़ी डिग्रियों और ग़लत तरीक़ों से प्रतिष्ठित पेशों में घुसपैठ कर रहे लोग थे। उन्होंने कहा कि मुझे हर भारतीय युवा पर गर्व है और हर युवा मुझे प्रेरणा देता है" और वह युवाओं को विकसित भारत के स्तंभ के तौर पर देखते हैं" । परन्तु मुख्य न्यायाधीश का स्पष्टीकरण आने तक देश का बेरोज़गार युवा और व्यवस्था से नाराज़ नई युवा पीढ़ी जेन ज़ी आक्रोशित हो चुकी थी। अभिजीत दीपके जोकि पूर्व में आम आदमी पार्टी के साथ एक राजनीतिक संचार रणनीतिकार के रूप में भी काम कर चुके हैं, ने 16 मई 2026 को सोशल मीडिया पर आधिकारिक रूप से ' कॉकरोच जनता पार्टी ' के नाम से पहले एक मज़ाक़िया ऑनलाइन पेज शुरू किया बाद में यह इंस्टाग्राम, X (ट्विटर) जैसे प्लेटफ़ॉर्म पर तेज़ी से वायरल हुआ और देखते ही देखते मात्र चार दिन में इस पेज ने रिकार्ड 44 लाख से अधिक युवा समर्थक जुटा लिए। इंस्टाग्राम पर तो सिर्फ़ 5 दिन में 1.87 करोड़ फॉलोवर्स हो गये। इस अभियान से भयभीत सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देकर इसका X (ट्विटर) अकाउंट भारत में ब्लॉक करवा दिया। जस्टिस सूर्यकांत द्वारा देश के युवाओं को काकरोच अथवा परजीवी कहे जाने के बाद व अपने इस बयान पर सफ़ाई दिये जाने के बावजूद 'कॉकरोच ' की परछाईं उनका पीछा नहीं छोड़ रही है। गत 4 जून को लंदन विश्वविद्यालय के बर्कबेक कॉलेज में "आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस (AI) और अंतरराष्ट्रीय क़ानून" विषय पर आयोजित एक व्याख्यान में कई प्रतिभागियों ने भारत में लोकतंत्र के रिकॉर्ड और असहमति के प्रति बढ़ती शत्रुता को लेकर जस्टिस सूर्यकांत के समक्ष सवाल उठाया। यह हंगामा भी जस्टिस सूर्यकांत के 15 मई के बेरोज़गार युवाओं को "कॉकरोच" बताने वाले बयान से जुड़ा है। गोया भारतीय युवाओं का आक्रोश अब भारत से बाहर भी नज़र आने लगा है। युवाओं का ग़ुस्सा केवल ' कॉकरोच ' जनता पार्टी ' के प्रदर्शन के रूप में दिल्ली में ही नहीं फूटा बल्कि कांग्रेस,युवा कांग्रेस व राष्ट्रीय छात्र संगठन ने भी राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन कर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफ़ा माँगा तथा पेपर लीक के दोषियों के विरुद्ध सख़्त कार्रवाई की मांग की। ऐसा लगता है कि शिक्षा मंत्री की प्राथमिकता पारदर्शी व साफ़ सुथरी परीक्षाएं कराना नहीं बल्कि शिक्षा जैसे नाज़ुक व गंभीर क्षेत्र में भी अपना एजेंडा लागू करना है। इसी एजेंडे के तहत कहीं पाठ्यक्रमों में व्यापक बदलाव किया जा रहा है तो कहीं इतिहास को ही बदलने की कोशिश की जा रही है। कहीं सर्वधर्म समभाव व साम्प्रदायिक सौहार्द की सीख देने वाले अध्यायों को पाठ्यक्रमों से निकाला जा रहा है तो कहीं पाठ्यक्रमों में आधुनिक विज्ञान,प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के बजाय धर्म और संस्कृति की शिक्षा दी जा रही है। इसके अतिरिक्त विशेष विचारधारा के अनेक अयोग्य लोगों को वॉइस चांसलर जैसे पदों पर नियुक्त किया जा रहा है। मिसाल के तौर पर वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय (जौनपुर, उत्तर प्रदेश) के इसी तरह के एक पूर्व वाइस चांसलर का नाम डॉ. राजाराम यादव था। जिन्होंने छात्रों को भीख मांगने को रोज़गार बताया था। उन्होंने कहा था कि बेरोज़गार युवा ट्रेन में खंजरी बजाकर भीख मांग कर कमाई कर सकते हैं। यह बयान उस समय छात्रों में भारी आक्रोश पैदा कर गया था। छात्रों ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया दी थी कि बेरोज़गारी का समाधान भीख मांगना नहीं बल्कि सही रोज़गार सृजन है । इसी वाइस चांसलर ने छात्रों को हिंसा करने के लिये भी उकसाया था। गोया पूरी शिक्षा प्रणाली को ही साम्प्रदायिकता का कलेवर चढ़ा कर नए ढंग से परिभाषित करने का प्रयास किया जा रहा है। उधर ग़रीबों के बच्चों की शिक्षा का एकमात्र सहारा समझे जाने वाले देशभर के लाखों सरकारी विद्यालय बंद हो चुके हैं। जबकि नित नए निजी व मंहगे स्कूल कॉलेज व यूनिवर्सिटीज़ खुलते जा रहे हैं। जोकि आम लोगों की पहुँच से बाहर हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि सरकार की ऐसी ही नाकामी व अनदेखी की वजह से ही आज 'कॉकरोच' केवल व्यवस्था के बाहर ही नहीं इस व्यवस्था के भीतर भी भरी पड़ी हैं।

## आज का राशिफल

मेष राशि - आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज कॉलेज से जुड़े किसी काम की भागदौड़ रहेगी। आज परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम के आयोजन की तैयारियों में आप व्यस्त रहेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों का समाज में रुतबा बढेगा। आज आप दूसरों के लिए सहायक रहेंगे। आज शाम का समय आप अपने बच्चो के साथ बिताएंगे, साथ ही जीवनसाथी को शॉपिंग पर ले जायेंगे। परिवार में खुशियां आएगी।

वृष राशि- आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज किसी को दिए रुपए आपको वापस मिलेंगे, जिनको आप अपने बिजनेस में इन्वेस्ट करके बिजनेस बढ़ाएंगे। आज कार्य क्षेत्र में आपको अधिक मेहनत करनी पड़ेगी, फिर भी आप अपना काम अच्छे से पूरा कर लेंगे। आपको सफलता अवश्य मिलेगी। सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोग आज अपने कार्यों में परिवर्तन लायेंगे। मानसिक उलझनों से आज आपको छुटकारा मिलेगा। किसी उच्च अधिकारी के सहयोग से आपको लाभ होगा।

मिथुन राशि- आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। व्यापार में आपको कम मेहनत के उपरांत भी अच्छा लाभ होगा। कंपनी में कोई इम्पोर्टेन्ट काम की जिम्मेदारी आपको दी जाएगी, जिसको आप पूरी मेहनत से पूरा करेंगे। आपके निजी जीवन की जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। दोस्त आज आपसे किसी टॉपिक में मदद मांग सकते हैं। सरकारी नौकरी के लिए दिए गए पेपर के अच्छे परिणाम हासिल होंगे। लवमेट के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है।

कर्क राशि- आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज ऑफिस में आपको कोई बड़ा टारगेट मिलेगा। स्टूडेंट्स अपनी पढ़ाई करने के तरीके को चेंज करेंगे जिससे उनको बेहतर परिणाम मिलेंगे। आज रास्ते में किसी असहाय की मदद करने का मौका मिलेगा। आप उनकी हर संभव मदद करेंगे। कामकाज में आज आपको गोपनीयता बनाकर रखने की जरूरत है। बिजनेस करने वाले लोगों को आज कोई नया इन्वेस्टर मिल सकता है।

सिंह राशि- आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज किसी बढ़िया कंपनी से जॉब का बड़ा ऑफर आयेगा। आपके गृहस्थ जीवन में खुशियां भरी रहेंगी। बिजनेसमैन आज कोई डील फाइनल करेंगे, साथ ही कुछ नए क्लाइंट से जुड़ेंगे। ऑफिस के काम में सहकर्मियों से मदद मिलेगी। आज आपकी टेंशन ख़त्म होंगी। ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट में सिखा रहे लोगों का दिन बेहतरीन रहेगा। आज आपका लोगों से मेल जोल बढ़ेगा।

कन्या राशि- आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। आज आपको अपनी वाणी में मधुरता रखने की जरूरत है। अपने व्यवहार को आज नम्र बनाये रखें। उद्योग में आपको अधिक लाभ होगा। दांपत्य जीवन में एकता रहेगी। मित्रों के सहयोग से आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी बनेगी। आपकी माता जी आज आपके लिए कोई बेहतरीन सी डिश बनाएगी, जिसका आप आनंद उठाएंगे। आपके बीच अच्छी बॉन्डिंग बनेगी।

तुला राशि- आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहेगा। कार्यों को पूरा करने में आ रही अड़चनें आज समाप्त होंगी। आज ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी। आज कोई नया प्रोजेक्ट आपको मिलेगा, जिसको आप पूरी जिम्मेदारी से पूरा करेंगे। आज पारिवारिक सुखों की अनुभूति होगी। रिश्तों में मिठास बढ़ेगी। आज आपको वाहन चलाते समय सावधानी बरतनी चाहिए। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। बाहर का खाना खाने से बचे।

वृश्चिक राशि - आज आपका कॉन्फिडेंस लेवल हाई रहेगा। बिजली विभाग के कर्मचारियों का आज दिन अच्छा रहेगा। इस राशि की महिलाओं का बिजनेस आज काफी तरक्की करेगा। लवमेट की गलत फहमियां आज ख़त्म होंगी, रिश्तों में प्यार बढ़ेगा, एक दूसरे की भावनाओं को समझेंगे। कान से जुड़ी समस्या के लिए आज आप किसी अच्छे डॉक्टर को दिखा सकते है, इसके लिए आज का दिन अच्छा है।

धनु राशि - आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज परिवार में सुख-समृद्धि का माहौल रहेगा। आज दोस्तों के साथ किसी हिल स्टेशन पर जाने का मन बनायेंगे। अपने से बड़ों की सलाह से काम करेंगे, वो आपसे काफी प्रभावित होंगे। किसी नए भवन के निर्माण के लिए आज आप अपने भाइयों से विचार- विमर्श करेंगे। दाम्पत्य जीवन में नयी-नयी खुशियां आएंगी।

मकर राशि - आज आपका दिन बढ़िया गुजरने वाला है। आज घरवाले आपकी तरक्की से प्रसन्न होंगे। लाईब्रेरियन की सैलरी में आज इन्क्रीमेंट होगा। आपकी आर्थिक स्थिति में वृद्धि होगी। आज बच्चों के साथ शाम का डिनर बाहर करेंगे। आज उन्हें खुश होने की वजह देंगे। प्राइवेट कंपनी से जुड़े लोगों का प्रमोशन होने के योग हैं। आज सोची हुई कार्य योजनायें पूरी होंगी। अपने खान-पान का ध्यान रखें। जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा।

कुम्भ राशि- आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों को आज कोई भी निर्णय लेने से पहले उसपर गहन विचार कर लेना चाहिए। इस राशि के अविवाहितों के लिए चल रही रिश्ते की बात जल्द पक्की हो जाएगी। कंस्ट्रक्शन के कारोबारियों का चल रहा प्रोजेक्ट जल्द पूरा होगा। आज आप नए कार्य में निवेश कर सकते हैं। किसी अच्छे इंस्टिट्यूट में दाखिला मिल सकता है। आपको अपने जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

मीन राशि- आज आपका दिन उत्तम रहेगा। वर्किंग पेरेंट्स आज अपने बच्चो के लिए समय निकालेंगे और बच्चों के साथ गेम खेलेंगे। सिंगर्स को आज किसी बड़े एल्बम में गाने का मौका मिल सकता है। आज ऑफिस के काम को पूरा कर लें। इससे आपकी टेंशन कम रहेगी। आज जल्दबाजी में कोई जरूरी सामान आप घर पर भूल सकते हैं, इसलिए अपने कामों के प्रति सचेत रहें। आप अच्छा महसूस करेंगे, किसी धार्मिक यात्रा का प्लान बना सकते।

## सू- दोकू क्र.062

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.061 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य -062

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | ■ | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | | | 8 | ■ |
| 9 | | 10 | | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | | | ■ | 13 | | 14 | | ■ |
| ■ | 15 | | | | ■ | | ■ | 16 |
| 17 | ■ | | ■ | 18 | | | ■ | |
| 19 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 20 | 21 | |
| | ■ | 22 | | 23 | | ■ | 24 | |
| 25 | | | ■ | 26 | | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 061 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्र | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

# शिक्षा के मंदिर में 'कोचिंग वॉर' और दांव पर लगता मासूम छात्रों का भविष्य

**अजय कुमार,**



बिहार के पटना का मुसल्लहपुर हाट इलाका देश भर में प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों की उम्मीदों का केंद्र माना जाता है। लेकिन हाल ही में इस इलाके से जो तस्वीरें और खबरें सामने आईं, उसने न केवल शिक्षा के इस मंदिर को शर्मसार किया है बल्कि बिहार की गौरवशाली ज्ञान परंपरा पर भी एक गहरा धब्बा लगा दिया है। जिन गलियों में सुबह से शाम तक किताबों के बंडल, पेन और कॉपियां दिखाई देती थीं, वहां अचानक पत्थरबाजी, लाठी-डंडे और हवाई फायरिंग की गूंज सुनाई देने लगी। यह विवाद महज दो कोचिंग संस्थानों की आपसी लड़ाई नहीं है, बल्कि यह शिक्षा के नाम पर चल रहे करोड़ों रुपये के उस बाजार का नग्न प्रदर्शन है, जहां छात्रों का भविष्य दांव पर लगाकर सिर्फ और सिर्फ भीड़ और वर्चस्व की जंग लड़ी जा रही है। इस तथाकथित 'कोचिंग वॉर' ने यह साबित कर दिया है कि जब शिक्षा व्यवसाय बन जाती है, तो नैतिकता और सामाजिक जिम्मेदारी का पतन किस कदर होता है।

इस पूरे बवाल की शुरुआत बेहद मामूली और बचकानी वजह से हुई, जिसे जानकर किसी भी सभ्य समाज का सिर घोर निराशा से झुक जाएगा। बताया जा रहा है कि एक कोचिंग संस्थान की ओर से बिहार पुलिस भर्ती परीक्षा में करीब 12 हजार छात्रों के सफल होने का दावा करते हुए बड़े-बड़े पोस्टर और बैनर लगाए गए थे। आरोप है कि यह पोस्टर प्रतिद्वंद्वी कोचिंग संस्थान के साइन बोर्ड के ऊपर या उसके बेहद करीब चिपका दिए गए। इसके बाद वर्चस्व की इस जंग में सीढ़ियां लगाकर बैनर फाड़ने का सिलसिला शुरू हुआ। पोस्टर फाड़े जाने की इस छोटी सी चिंगारी ने देखते ही देखते एक ऐसी आग का रूप ले लिया, जिसने पूरे इलाके के सुरक्षा तंत्र और कानून व्यवस्था को हिलाकर रख दिया। दो पक्षों के समर्थक आमने-सामने आ गए, लाठियां चलीं, ईंट-पत्थरों की बौछार हुई और देखते ही देखते वह परिसर कुरुक्षेत्र के मैदान में तब्दील हो गया जहां हजारों छात्र अपने सुनहरे कल का सपना बुनने आते हैं। घटनाक्रम के बाद सोशल मीडिया के महारथी और लाखों युवाओं के आदर्श बने शिक्षक फैजल खान उर्फ खान सर ने मीडिया के सामने आकर बेहद सनसनीखेज दावे किए। उन्होंने कैमरे के सामने पूरी गंभीरता से कहा कि उनके कोचिंग सेंटर पर हमला हुआ है और उन्होंने अपनी आंखों से एक-दो नहीं बल्कि आठ से दस राउंड फायरिंग होते हुए देखी है। एक शिक्षक के मुंह से इस तरह की बात सुनकर पूरे राज्य के अभिभावकों और छात्रों में दहशत फैल गई। लेकिन जब कानून के रक्षकों ने इस मामले की तहकीकात शुरू की और घटनास्थल के साथ-साथ आसपास की गलियों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू की, तो कहानी पूरी तरह पलट गई। पुलिस की शुरुआती जांच में दूर-दूर तक गोली चलने या किसी बाहरी व्यक्ति द्वारा फायरिंग करने का कोई सबूत नहीं मिला। इसके उलट, सीसीटीवी में यह साफ दिखाई दिया कि खान सर के अपने ही सुरक्षा गार्ड हवा में हथियार लहराते और हमला करते नजर आ रहे थे। इस खुलासे के बाद पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए उन दोनों गार्डों को हिरासत में ले लिया और खुद खान सर को भी देर रात लंबी पूछताछ का सामना करना पड़ा। हैरानी की बात यह है कि जो शिक्षक रात में अपनी आंखों से गोलियां बरसने की गवाही दे रहे थे, सुबह होते-होते उनके सुर पूरी तरह बदल गए। वे अपने ही दावों से यू-टर्न लेते हुए यह कहने लगे कि अब पुलिस की जांच के बाद ही असलियत का पता चलेगा या फिर जब उनका घायल गार्ड ठीक होकर आएगा तब वह सच बताएगा। एक शिक्षक के बयानों में ऐसा विरोधाभास और तथ्यों को लेकर इतनी बड़ी लापरवाही बेहद चिंताजनक है। पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने कभी कहा था कि शिक्षक वह नहीं है जो केवल दिमाग में तथ्य ठूंसे, बल्कि वह है जो छात्र को सत्य की खोज के लिए तैयार करे। लेकिन आज के डिजिटल युग के इन तथाकथित 'गुरुओं' के तथ्य और सत्य दोनों ही गंभीर संदेह के घेरे में आ गए हैं।

इस विवाद का दूसरा पहलू और भी भयावह है। फैजल खान की शिकायत पर पुलिस ने ज्ञान बिंदु कोचिंग के डायरेक्टर रौशन आनंद को फौरन गिरफ्तार कर लिया। रौशन आनंद बिहार के एक बेहद साधारण किसान परिवार से आते हैं और उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत के दम पर इस क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई थी। उनकी गिरफ्तारी के बाद पटना की सड़कों पर एक नया ड्रामा शुरू हो गया। रौशन आनंद के समर्थन में हजारों की संख्या में छात्र सड़कों पर उतर आए और उग्र प्रदर्शन करने लगे। छात्रों का आरोप है कि खान सर ने राजनीतिक और व्यावसायिक रंजिश के तहत उनके गुरु पर झूठे आरोप लगाए हैं। सोचिए, जिन नौजवानों को इस वक्त कमरों में बंद होकर परीक्षा की तैयारी करनी चाहिए थी, वे अपने-अपने पसंदीदा शिक्षकों के अंधविश्वास में सड़कों पर नारेबाज़ी कर रहे हैं और कानून को हाथ में लेने पर आमादा हैं। यह इस बात का स्पष्ट संकेत है कि आज के ये मशहूर यूट्यूब शिक्षक बच्चों को बेहतर नागरिक बनाने के बजाय अपने निजी स्वार्थ के लिए एक 'ट्रोल आर्मी' और हिंसक भीड़ में तब्दील कर रहे हैं। यह पहली बार नहीं है जब पटना की धरती पर कोचिंग संचालकों के कारण इस तरह का उपद्रव हुआ हो। इतिहास गवाह है कि साल 2019 में भी इसी मुसल्लहपुर इलाके में वर्चस्व को लेकर बमबाजी की घटना हुई थी। उस वक्त भी दोनों तरफ से मुकदमे दर्ज हुए थे, लेकिन ठोस कार्रवाई न होने के कारण इन दुकानदारों के हौसले बुलंद रहे। इस साल भी सरस्वती पूजा के मौके पर इसी तरह के हिंसक टकराव की खबरें आई थीं। अगर समय रहते पुलिस और प्रशासन ने इन व्यावसायिक संस्थानों पर नकेल कसी होती, तो आज यह नौबत नहीं आती। सवाल यह उठता है कि क्या हम अपने बच्चों को इन कोचिंग सेंटरों में इसलिए मोटी फीस देकर भेजते हैं कि वे वहां से लहूलुहान होकर लौटें? अगर यह पत्थरबाजी दिन के वक्त होती, जब हजारों छात्र क्लास में मौजूद होते हैं, और किसी मासूम के सिर पर वह पत्थर लग जाता, तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेता? क्या ये शिक्षक अपनी अकूत संपत्ति और टीआरपी के नशे में किसी बच्चे की जान की कीमत चुका पाते?

इस पूरे खेल का सबसे कड़वा सच आर्थिक हितों का टकराव है। अक्सर यह प्रचारित किया जाता है कि कुछ शिक्षक बहुत कम पैसे में समाज सेवा कर रहे हैं। लेकिन जब दोनों संस्थानों के फीस स्ट्रक्चर की तुलना की जाती है, तो असलियत कुछ और ही निकलती है। जहां दो साल के ऑफलाइन कोर्स के लिए एक संस्थान किस्तों में दस हजार रुपये लेता है, वहीं दूसरा संस्थान एकमुश्त बीस हजार रुपये वसूलता है। ऑनलाइन कोर्सेस में भी फीस का अंतर जमीन-आसमान का है। जाहिर है, यह पूरी लड़ाई किसी शिक्षा सुधार या गरीब बच्चों के कल्याण के लिए नहीं है, बल्कि यह अधिक से अधिक छात्रों को अपनी ओर खींचने और करोड़ों रुपये का टर्नओवर खड़ा करने की कॉरपोरेट जंग है।अब इस मामले ने पूरी तरह से कानूनी मोड़ ले लिया है। पटना पुलिस ने कदमकुआं थाने में खान ग्लोबल स्टडीज के संचालक फैजल खान के खिलाफ आर्म्स एक्ट और भ्रामक जानकारी फैलाने की संगीन धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है। हालांकि, एफआईआर दर्ज होने के बाद खान सर ने बड़ी ही चतुराई से बयान दिया कि उन्हें इस बात की कोई जानकारी नहीं है और उनके गार्डों ने जो कुछ भी किया, वह आत्मरक्षा में किया था। वे कानून का सम्मान करने की बात तो कर रहे हैं, लेकिन अतीत में उनका रिकॉर्ड कुछ और ही बयां करता है। चाहे वह रेलवे परीक्षा के दौरान छात्रों को उग्र आंदोलन के लिए भड़काना हो, बीपीएससी परीक्षा के समय अभद्र भाषा का प्रयोग करना हो या फिर हाल ही में नीट पेपर लीक मामले में एनकाउंटर जैसे उत्तेजक बयान देकर माहौल खराब करना हो, विवादों से उनका पुराना नाता रहा है। जब कोई मुख्यधारा का माध्यम इन कोचिंग संस्थानों की इस खतरनाक कार्यप्रणाली और उनके गिरते स्तर पर सवाल उठाता है, तो ये यूट्यूब शिक्षक अपने लाखों फॉलोअर्स का इस्तेमाल करके डिजिटल लिंचिंग शुरू कर देते हैं। सोशल मीडिया पर ट्रोलर्स की एक फौज छोड़ दी जाती है, जो मर्यादा की सारी सीमाएं लांघकर गाली-गलौज पर उतर आती है। इंटरनेशनल प्रेस फ्रीडम जैसी विदेशी एनजीओ की रैंकिंग का हवाला देकर देश की पत्रकारिता को बदनाम करने की कोशिश की जाती है, जबकि वे खुद यह भूल जाते हैं कि वे शिक्षा के नाम पर कौन सा अनैतिक धंधा चला रहे हैं। लेकिन सच को दबाया नहीं जा सकता। पटना की इस घटना ने साफ कर दिया है कि शिक्षा के इन आधुनिक कुरुक्षेत्रों में अब ज्ञान की नहीं, बल्कि बंदूकों और पत्थरों की भाषा बोली जा रही है। सरकार और प्रशासन को अब बिना किसी दबाव के इन कोचिंग माफियाओं के खिलाफ ऐसी सख्त कानूनी कार्रवाई करनी होगी, जो मिसाल बन सके, ताकि बिहार का कोई और होनहार छात्र इस गंदे व्यावसायिक खेल की बलि न चढ़े।

## एक नजर

### पीछे से तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने मारी टक्कर, बाइक सवार की मौत

**जगदलपुर, 7 जून। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के परपा थाना क्षेत्र के तोकापाल पेट्रोल पंप के पास एक बाइक सवार को पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने ठोकर मार दी घटना इतनी जबरदस्त थी, कि बाइक के परखच्चे उड़ गए, इस भीषण दुर्घटना में बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार तोकापाल की ओर से एक बाइक सवार जगदलपुर की ओर आ रहा था, इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने ठोकर मार दी। हादसा इतना जबरदस्त था कि बाइक का पहिया टूटकर बाहर फेका गया। वही बाइक चालक दूर जा गिरा। हादसे में बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान अनिल बघेल (निवासी पखनार, विकासखंड दरभा) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि अनिल किसी कार्य से तोकापाल की ओर आया था। स्थानीय नागरिकों के अनुसार इस हाईवे के किनारे कई कॉलोनियां बसी हुई हैं, जहां लोगों का दिनभर आना-जाना लगा रहता है। ऐसे में तेज रफ्तार वाहनों और खराब सड़क की वजह से दुर्घटना का खतरा लगातार बना रहता है। लोगों का कहना है कि एनएच-63 का यह हिस्सा लंबे समय से सड़क हादसों के लिए बदनाम होता जा रहा है।झ

### 7 जून को निकाली गई पदयात्रा 11 जून को दंतेवाड़ा में होगी संपन्न :मनीष कुंजाम

**जगदलपुर, 7 जून। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बस्तरिया राज्य मोर्चा के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक मनीष कुंजाम ने कहा कि बैलाडीला की पहाड़ियों, जंगलों, नदियों और आदिवासी समुदाय के आराध्य पेन देवताओं की रक्षा के लिए 7 जून विशाल पदयात्रा निकाली जाएगी। मनीष कुंजाम ने बताया कि 7 जून को आलनार पहाड़ियों से हजारों आदिवासी पदयात्रा शुरू करेंगे। यह यात्रा विभिन्न गांवों और क्षेत्रों से गुजरते हुए 11 जून को दंतेवाड़ा पहुंचकर संपन्न होगी। पदयात्रा के माध्यम. से आदिवासी समाज अपनी भावनाओं और मांगों को शासन-प्रशासन तक पहुंचाएगा। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई आसान नहीं है और लंबे समय तक चल सकती है। ÷हम जानते हैं कि यह सरकार और बड़ी कंपनियों के खिलाफ सीधी लड़ाई है, लेकिन हम अपनी अंतिम सांस तक जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए संघर्ष करते रहेंगे।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन

**दंतेवाड़ा, 7 जून। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। इस दौरान ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 का वाचन कर ग्रामीणों को इसके प्रावधानों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई तथा नियमों का कड़ाई से पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। ग्राम सभाओं में स्रोत स्तर पर कचरा पृथक्करण (सोर्स सेग्रिगेशन) के अंतर्गत सूखा, गीला, सेनेटरी एवं विशेष प्रकार के कचरे को अलग-अलग एकत्रित करने, उनके उचित निपटान एवं पुनर्चक्रण की प्रक्रिया पर चर्चा की गई। साथ ही स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु यूजर चार्ज लागू करने संबंधी प्रस्ताव भी पारित किए गए। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सार्वजनिक स्थलों पर वृक्षारोपण एवं श्रमदान किया गया तथा स्वच्छ एवं हरित पंचायत का संदेश दिया गया। विशेष ग्राम सभाओं में सरपंच, पंच, सचिव तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### 500 पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया गया संदेश

**दंतेवाड़ा, 7 जून। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नेरली स्थित सीआरपीएफ 230वीं बटालियन, बचेली परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों तथा सीआरपीएफ के अधिकारियों एवं जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में कुल 500 पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री नंदलाल मुड़ामी, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पायल गुप्ता, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता भास्कर सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# डाक विभाग के कर्मचारियों की कार्यशाला में कार्यदक्षता बढ़ाने पर जोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कोंडागांव, 6 जून।** भारतीय डाक विभाग, उपसंभाग कोंडागांव द्वारा शनिवार को स्थानीय वन काष्ठागार परिसर में ग्रामीण डाक कर्मचारियों के लिए एकदिवसीय क्षमता विकास कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बस्तर संभाग के अधीक्षक डाकघर श्री मोहम्मद नियाजुद्दीन एवं सहायक अधीक्षक श्री सुमन एक्का विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कोंडागांव एवं मर्दापाल उपडाकघरों के अंतर्गत कार्यरत ग्रामीण डाक कर्मचारियों ने सहभागिता की। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को अधीक्षक महोदय द्वारा विभागीय योजनाओं, डाक सेवाओं, डिजिटल सुविधाओं तथा कार्यप्रणाली से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां विस्तारपूर्वक प्रदान की गई। साथ ही लक्ष्य प्राप्ति, ग्राहक सेवा की गुणवत्ता में सुधार तथा कार्य दक्षता बढ़ाने के विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन दिया गया अधिकारियों ने कर्मचारियों को विभागीय दायित्वों का प्रभावी निर्वहन करने, जनहितकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए समर्पित भाव से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण सत्र में प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया तथा विभाग की नवीन योजनाओं एवं डिजिटल सेवाओं की जानकारी साझा की गई कार्यशाला के दौरान अधिकारियों ने ग्रामीण डाक सेवकों से संवाद कर उनकी समस्याओं, कार्यानुभवों एवं सुझावों पर चर्चा की। विभागीय कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन, ग्राहक सेवा में सुधार, डिजिटल सेवाओं के विस्तार तथा लक्ष्य आधारित कार्य संस्कृति को मजबूत बनाने पर भी विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम में उपसंभागीय निरीक्षक आर.एस. मिश्रा, उपडाकपाल एस.एल. गोटी, आईपीपीबी मैनेजर प्रीतम कुमार गुप्ता सहित विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित एवं पुरस्कृत भी किया गया। कार्यशाला के सफल आयोजन पर कर्मचारियों ने इसे उपयोगी, ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी बताते हुए भविष्य में भी ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाने की बात कही।



# अब मिलेट की खेती मुनाफे का सौदा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 7 जून।** रागी (मडिया) कोदो कुटकी जैसे मोटे अनाज अपने पोषक तत्वों और स्वास्थ्य वर्धक गुणों के चलते पूरे संसार में सुपर फूड का दर्जा पा चुके है और तो और पौष्टिकता और सुपाच्य गुणों के रूप में आज रसोई घरों, होटलों और रेस्टोरेंट में भी इनका प्रवेश हो गया हैं। आज की आधुनिक भाग दौड़ भरी जिदंगी ने हमारे खान पान की शैली को बुरी तरह से प्रभावित किया है। फलस्वरूप नाना प्रकार की बीमारियों ने भी आम आदमी के जन जीवन में घर कर लिया। जहां तक इन मोटे अनाजों की पौष्टिकता का प्रश्न है ये कैल्शियम आयरन और फाइबर से भरपूर होते है ग्लूटेन मुक्त होने के कारण पचने में बेहद आसान, वजन नियंत्रण, हड्डियों की मजबूती और ब्लड शुगर को संतुलित रखने में मदद करते है।

वर्तमान में मिलेट अन्न की मांग बढ़ती जा रही हैं और अब मिलेट की खेती मुनाफे की सौदा कही जाती है। जिले के परिदृश्य की बात कही जाए तो यहां के किसान सालों से मिलेट अन्न की खेती किसी न किसी रूप में करते आ रहे थे। यह तथ्य अलग है कि उस समय इन अनाजों के स्वास्थ्य गुणों की जानकारी से कम लोग ही परिचित थे। परन्तु अब परिस्थितियां बदल चुकी है। राज्य एवं केन्द्र शासन की कृषि नीतियों में अब मिलेट अर्थात श्री अन्न को प्रमुखता से प्रमोट किया जा रहा हैं। और इन फसलों को समर्थन मूल्य भी बढ़ाया गया हैं जिसके कारण अब मिलेट खेती का रकबा जिले में बढ़ा है।

इस क्रम में जिले के ग्राम पोटाली और नहाड़ी के दो युवा कृषकों श्री दिलीप मरकाम, और हलदर हेमला ने कृषि उन्नति योजना के तहत अपने खेत में कोदो कुटकी उत्पादन कर उल्लेखित लाभ अर्जित किया है। ग्राम पोटाली के धुरवा पारा निवासी कृषक दिलीप मरकाम ने इस वर्ष 1 लाख 50 हजार मूल्य का कोदो कुटकी बेचकर लाभ कमाया है। इसके साथ ही अपने 17 हेक्टेयर के खेत में मोटे अनाजों के अलावा धान साग सब्जी का भी उत्पादन करते है। साथ ही साथ उन्होंने बताया कि इस वर्ष उन्होंने 88 क्विटल धान बेचकर 2 लाख 72 हजार का लाभ अर्जित किया। वे वर्तमान में उनके पास कृषि यंत्र पावर टिलर है। साथ ही वे अपने लाभ का हिस्सा खेती सुधारने में लगाना चाहते है। इसी प्रकार नहाड़ी के कृषक हलदर हेमला ने भी कोदो कुटकी की उपज से 1 लाख 20 हजार का लाभ कमाया। दोनों कृषकों का मानना है कि कृषक उन्नति योजना मोटे अनाज उत्पादक कृषकों के लिए लाभकारी सिद्ध हो रही है और हर किसानों को इसका लाभ लेना चाहिए।





### राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत पंचायत विकास योजना पर जनपद स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित

**दंतेवाड़ा, 7 जून।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (आरजीएसए) अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 की ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) को प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने के उद्देश्य से जनपद पंचायत दंतेवाड़ा में जनपद स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों एवं विभिन्न विभागों के मैदानी अमले को पंचायत विकास योजनाओं के निर्माण और क्रियान्वयन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, रोजगार सहायक तथा मितानिनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को स्थानीय सतत विकास लक्ष्यों (एलएसडीजी) की 9 थीम, गुणवत्तापूर्ण ग्राम पंचायत विकास योजना (क्वालिटी जीपीडीपी), टाइड एवं अनटाइड निधियों के समुचित उपयोग, पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स (पीएआई) स्कोर तथा बाल सभा एवं महिला सभा की भूमिका और महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण में संकाय सदस्यों, करारोपण अधिकारी तथा पीरामल फाउंडेशन की टीम ने प्रशिक्षक के रूप में सहभागिता करते हुए योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, जनभागीदारी और समावेशी विकास के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से प्रतिभागियों की पंचायत विकास योजनाओं के प्रति समझ और जागरूकता में वृद्धि हुई। साथ ही ग्राम स्तर पर विकास कार्यों की बेहतर योजना तैयार करने एवं उन्हें प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त हुआ, जिससे ग्रामीण विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है।

## बस्तर में प्री-मानसून की बारिश जारी अगले 5 दिन ऐसा ही रहेगा मौसम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 7 जून।** छत्तीसगढ़ में बस्तर सहित कई इलाकों में प्री-मानसून बारिश शुरू हो गई है। वहीं छत्तीसगढ़ मध्य इलाके ओं भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है, इन क्षेत्रों में 42 डिग्री के करीब तापमान दर्ज हो रहा है। मौसम विभाग ने बस्तर सहित कई इलाकों में संभावना जताई है कि प्रदेश में अगले 5 दिनों तक एक-दो स्थानों पर मेघगर्जन की गतिविधि के साथ तेज हवा, वज्रपात और वर्षा जारी रहेगी। मौसम विभाग के अनुसार बस्तर संभाग के कुआकोंडा में 4 सेंटीमीटर, बड़े बचेली में 3 सेंटीमीटर, सुकमा, तोंगपाल में 2-2 सेंटीमीटर बारिश हुई है। वहीं गादीरास, छिंदगढ़ में भी बारिश हुई है। मौसम विज्ञानी एच.पी. चंद्रा ने जानकारी दी कि छत्तीसगढ़ में लगातार नमी आ रही है, बस्तर में वर्षा भी हो रही है। मानसून के लिए तय मानकों के अनुरूप वर्षा होने और परिस्थितियों पर नजर बनाये हुए हैं।

मौसम विभाग के अनुसार अगले 2-3 दिनों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के मध्य अरब सागर के कुछ और हिस्सों, पूरे गोवा, महाराष्ट्र और आंध्रप्रदेश के कुछ हिस्सों, कर्नाटक के कुछ और हिस्सों, तमिलनाडु के शेष हिस्सों, दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी, पश्चिम-मध्य, पूर्व मध्य और उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी के कुछ और हिस्सों और पूर्वोत्तर राज्यों के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियां हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश के ऊपर चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है और यह समुद्र तल से 1.5 किलोमीटर ऊपर तक फैला हुआ है. प्रदेश में एक-दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है।



# विश्व पर्यावरण दिवस पर हाई स्कूल टाकरागुड़ा में स्काउट गाइड ने पौधे लगाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 7 जून।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून 2026 को भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़, जिला संघ बस्तर द्वारा शासकीय हाई स्कूल टाकरागुड़ा, विकासखंड बस्तर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम ग्रुप लीडर एवं विद्यालय की प्राचार्य अल्का बेंजामिन के सानिध्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा एवं राज्य सचिव बृजेश बाजपेयी के निर्देशन तथा जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर जिला संगठन आयुक्त (डीओसी) दसरू राम यादव ने विश्व पर्यावरण दिवस के इतिहास एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि प्रत्येक वर्ष 5 जून को यह दिवस विश्वभर में मनाया जाता है। इसकी शुरुआत वर्ष 1973 में संयुक्त राष्ट्र की पहल पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से की गई थी। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, वनों की कटाई तथा प्लास्टिक कचरे जैसी चुनौतियों के बीच पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पहले से अधिक बढ़ गई है। प्राचार्य अल्का बेंजामिन ने कहा कि इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस का मुख्य विषय प्लास्टिक प्रदूषण है, जो समुद्रों, नदियों, वन्यजीवों और मानव स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डाल रहा है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम के अंत में ब्लॉक नोडल अधिकारी बस्तर राजकिशोर तिवारी ने उपस्थित सभी लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया। उन्होंने प्लास्टिक के उपयोग को कम करने, अधिक से अधिक वृक्ष लगाने, जल एवं ऊर्जा संरक्षण करने तथा कचरे के पृथक्करण एवं पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) को बढ़ावा देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में नवीन ठाकुर, भरतराम यादव, संध्या साव, दीपा मांझी, चंद्रिका बघेल, तनुज गुप्ता, कार्ति केस्वर, भूमिका निषाद, सुमित्रा कश्यप, हेमंत चापड़ी, सबीना डहरिया एवं चैन सिंह ठाकुर सहित स्काउट-गाइड सदस्यों और विद्यालय परिवार का सराहनीय योगदान रहा। वृक्षारोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सभी ने हरित एवं स्वच्छ भविष्य के निर्माण का संकल्प लिया।



### मोटर साइकिल चोरी के दो आरोपित गिरफ्तार

**दंतेवाड़ा, 7 जून। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के गीदम थाना क्षेत्र में मोटर साइकिल चोरी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई दो मोटर साइकिलें बरामद की है। गीदम पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 2 जून 2026 को प्रार्थी ने थाना गीदम में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी-05-आर-0568 तथा उसके गैरेज में मरम्मत के लिए आई मोटरसाइकिल सीजी-18-ईएन-1935 को अज्ञात चोर हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर जावंगा के पास से चोरी कर ले गए। शिकायत के आधार पर थाना गीदम में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। मुखबिर की सूचना, तकनीकी साक्ष्यों और अन्य तथ्यों के आधार पर पुलिस ने संदेहियों की पहचान कर पूछताछ की।

## उप मुख्यमंत्री ने जगदलपुर में विकास कार्यों का किया निरीक्षण, दिए निर्देश



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 7 जून। ।** छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन, लोक निर्माण विभाग एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मंत्री अरुण साव ने अपने जगदलपुर प्रवास के दौरान आज शनिवार को शहर में संचालित विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। प्रवास के दौरान उप मुख्यमंत्री श्री साव ने पावर हाउस चौक स्थित फिल्टर प्लांट तथा महारानी वार्ड में लगभग 101 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित नयामुंडा फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया। उन्होंने पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की जानकारी लेते हुए नागरिकों को बेहतर एवं निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इसके पश्चात उन्होंने पीजी कॉलेज धरमपुरा में लगभग 11 करोड़ 18 लाख रुपये की लागत से निर्माणाधीन नालंदा परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी को कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि विद्यार्थियों को जल्द से जल्द आधुनिक अध्ययन सुविधाओं का लाभ मिल सके।उप मुख्यमंत्री ने छत्रपति शिवाजी वार्ड में लगभग 79 लाख रुपये की लागत से किए जा रहे पण्डरीतरई तालाब सौंदर्यीकरण कार्य तथा करीब 3 करोड़ 71 लाख रुपये की लागत से संचालित गंगामुड़ा तालाब सौंदर्यीकरण कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने तालाबों के सौंदर्यीकरण एवं संरक्षण कार्यों की सराहना करते हुए गुणवत्ता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। निरीक्षण के दौरान बस्तर सांसद महेश कश्यप, महापौर श्री संजय पांडेय, वार्ड के पार्षदगण, कलेक्टर आकाश छिकारा, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, एसडीएम ऋषिकेश तिवारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने उप मुख्यमंत्री को विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति एवं आगामी कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी से अवगत कराया।

# महापौर का इंदिरा वार्ड की जनता को पाकिस्तानी कहना दूषित मानसिकता का प्रमाण:बलराम यादव

**महापौर का बयान शहर के सौहार्दपूर्ण वातावरण को ठेस पहुँचाने वाला, अपने अमर्यादित बयान के लिए इंदिरा वार्ड सहित शहर की जनता से मांगे सार्वजनिक माफी धन,बल,सत्ता और प्रशासनिक तंत्र का खुला दुरुपयोग सहित भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से लेकर राजा,मंत्री व खुद महापौर भी नहीं बचा पाए अपनी साख,आपत्तिजनक बयान देना बेहद निंदनीय व शर्मनाक**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर 7 जून।** इंदिरा वार्ड उपचुनाव में करारी हार के बाद शहर के भाजपा नेता महापौर पांडे द्वारा कथित रूप से दिए गए विवादित एवं आपत्तिजनक बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी के उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष बलराम यादव ने कहा है इंदिरा वार्ड उपचुनाव में हार से बौखलाए महापौर पांडे के द्वारा दिया गया बयान बेहद आपत्तिजनक है इंदिरा वार्ड की जनता को पाकिस्तानी कहना इनकी आपकी दूषित मानसिकता का प्रमाण है और यह बयान हार से उपजी हताशा और आपकी मानसिक असंतुलन को दर्शाता है।महापौर द्वारा वार्ड की जनता को ÷पाकिस्तानी÷ कहना न केवल अत्यंत आपत्तिजनक है, बल्कि यह उनकी दूषित एवं संकीर्ण मानसिकता का स्पष्ट प्रमाण है।

उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष बलराम यादव ने कहा कि किसी भी जनप्रतिनिधि से यह अपेक्षा की जाती है कि वह चुनावी परिणामों को स्वीकार करते हुए लोकतांत्रिक मर्यादा का पालन करे,लेकिन इस प्रकार के बयान शहर की गंगा-जमुनी तहज़ीब और सौहार्दपूर्ण वातावरण को ठेस पहुँचाते हैं।इंदिरा वार्ड की जनता ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत अपना निर्णय दिया है, जिसे सम्मान दिया जाना चाहिए, न कि अपमानित किया जाना चाहिए।यह बयान न केवल इंदिरा वार्ड के मेरे मतदाताओं का अपमान है, बल्कि पूरे शहर की सम्मानित जनता की भावनाओं को आहत करने वाला है। इस प्रकार की भाषा सार्वजनिक जीवन में किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं हो सकती।कांग्रेस पार्टी इस बयान का पुरजोर विरोध करती है।

बलराम यादव ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि इस उपचुनाव को जीतने के लिए भाजपा ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी थी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष, बस्तर के राजा और खुद नगर निगम के महापौर समेत पूरी सरकारी मशीनरी ने चुनाव प्रचार में एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया था।भाजपा नेताओं ने चुनाव जीतने के लिए धन, बल, सत्ता और प्रशासनिक तंत्र का खुला दुरुपयोग किया। इसके बावजूद वे इंदिरा वार्ड की जागरूक जनता को डिगा नहीं पाए। जनता ने भाजपा के अहंकार और दमनकारी राजनीति को नकारते हुए कांग्रेस के किए हुए विकास कार्यों पर अपनी मुहर लगाई है।इंदिरा वार्ड की जनता के दिलों में आज भी पूर्व पार्षद दिवंगत रशीद खान की यादें और उनके द्वारा किए गए कार्य जिंदा हैं। वार्ड की देवतुल्य जनता ने कांग्रेस प्रत्याशी रामकृष्ण तिवारी के पक्ष में एकतरफा मतदान कर वास्तव में अपने चहेते पूर्व पार्षद रशीद खान को एक सच्ची और भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।अपनी हार स्वीकारना छोड़ वार्ड की जनता को पाकिस्तानी कहना इनकी बौखलाहट, निष्क्रियता और विकास विरोधी नियत का प्रत्यक्ष प्रमाण है। उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष बलराम यादव ने आगे कहा महापौर को तुरंत अपने दिए हुए अमर्यादित बयान के लिए इंदिरा वार्ड सहित पूरे शहर की जनता से सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए।

### राज्य शासन ने पेट्रोल एवं डीजल के रिटेल आउटलेट से विक्रय के लिए किए निर्देश जारी

**दंतेवाड़ा, 7 जून।** कलेक्टर खाद्य शाखा द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर के द्वारा संदर्भित आदेश के माध्यम से राज्य शासन द्वारा पश्चिम एशिया संकट से उत्पन्न परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए राज्य में पेट्रोल एवं डीजल के रिटेल आउटलेट से उपभोक्ताओं को इसके विक्रय के संदर्भ में निर्देश जारी किए गए है। इसके अनुसार राज्य में सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियो तथा समानांतर विपणनकर्ता कंपनी के पेट्रोल एवं डीजल के रिटेल आउटलेट संचालक द्वारा पेट्रोल एवं डीजल की आपूर्ति, विक्रय सीधे उपभोक्ता के वाहन की टंकी में की जावेगी। रिटेल आउटलेट संचालक द्वारा ड्रम, बोतल, जेरीकेन में पेट्रोल एवं डीजल का विक्रय नहीं किये जा सकेगे। और इसके उल्लंघन पर कार्यवाही की जा सकेगी। रबी सीजन की फसल कटाई तथा आगामी खरीफ सीजन की तैयारियों के संदर्भ में प्रदेश के कृषकों की मांग तथा जिला कलेक्टर द्वारा चिन्हांकित ऐसे समस्त रेल्वे, सड़क निर्माण, भवन निर्माण संबंधी समय-सीमा में पूर्ण किये जाने वाले शासकीय कार्यों तथा कलेक्टर द्वारा चिन्हांकित अत्यावश्यक सेवाओं (यथा-अस्पताल, मोबाईल टॉवर आदि) को बिन्दु कमांक (1) के निर्देश के प्रावधानों से छूट दी जाएगी।

# किसानों और ग्रामीणों के लिए लाभकारी रहा तारापुर शिविर

- 21 ग्राम पंचायतों के 1383 आवेदनों पर हुई सुनवाई
- केसीसी ऋण स्वीकृति से किसानों को मिला आर्थिक संबल
- हरी खाद वितरण से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा
- पीएम आवास योजना के हितग्राहियों को मिली चाबी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 7 जून।** सुशासन तिहार के अंतर्गत रायगढ़ विकासखंड के तारापुर क्लस्टर में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर किसानों एवं ग्रामीणों के लिए लाभकारी साबित हुआ। संवाद से संपूर्ण समाधान थीम पर आयोजित इस शिविर में 21 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों ने भाग लेकर अपनी समस्याओं, मांगों एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं के लाभ के लिए कुल 1383 आवेदन प्रस्तुत किए। शिविर का स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा अवलोकन किया गया तथा प्राप्त आवेदनों के संवेदनशील एवं समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए गए।






शिविर में कृषि एवं ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं पर विशेष फोकस रहा। किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) योजना के तहत पांच किसानों को तीन लाख रुपये से अधिक की ऋण स्वीकृति प्रदान की गई, जिससे उन्हें खेती-किसानी के लिए आवश्यक वित्तीय सहायता उपलब्ध होगी। वहीं प्राकृतिक खेती और मृदा स्वास्थ्य संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चार किसानों को हरी खाद के बीज वितरित किए गए। कृषि विभाग द्वारा किसानों को खरीफ सीजन की तैयारी, मृदा उर्वरता बढ़ाने तथा रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग के संबंध में भी जानकारी दी गई।

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण आवास निर्माण पूर्ण करने वाले पांच हितग्राहियों को आवास की चाबी एवं उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान अन्य हितग्राहियों को भी समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निर्माण के लिए प्रेरित करने वाला रहा। शिविर में दो वरिष्ठ नागरिकों को वॉकिंग स्टिक प्रदान की गई। कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले भावेश, टेलेस, जोगेंद्र, तुषार, जितेंद्र एवं खगेश्वरी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा छह छात्राओं को एचपीवी वैक्सीन, पांच हितग्राहियों को राशन कार्ड, दो हितग्राहियों को डबरी निर्माण के स्वीकृति पत्र तथा दो किसानों को किसान सम्मान निधि के चेक प्रदान किए गए।

श्रम विभाग द्वारा आठ श्रमिकों के श्रम कार्ड बनाए गए। शिविर में आधार कार्ड, महतारी वंदन योजना की ई-केवाईसी, आयुष्मान कार्ड निर्माण एवं स्वास्थ्य जांच जैसी सेवाएं भी उपलब्ध कराई गईं। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों में ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी एवं आवश्यक सेवाएं प्रदान की गईं। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष सुजाता सुकलाल चौहान, उपाध्यक्ष रामश्याम डनसेना, गौरीशंकर पटेल, अंजू पटेल, शिव कुमारी, सोहन चौधरी, नंदिनी प्रीतेश सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच, जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## एक नजर

### महिला आईटीआई रायगढ़ में प्रवेश के लिए 15 तक ऑनलाइन आवेदन

**रायगढ़, 7 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) रायगढ़ में प्रशिक्षण सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न ट्रेडों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक महिला अभ्यर्थी 15 जून 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के प्राचार्य ने बताया कि संस्थान में स्टेनोग्राफी (हिंदी), कोपा, फैशन डिजाइन एंड टेक्नोलॉजी, ड्रेस मेकिंग, कॉस्मेटोलॉजी, आईसीटीएसएम तथा सरफेस ऑर्नामेंटेशन टेक्निक्स (एंब्रॉयडरी) ट्रेडों में प्रवेश दिया जाएगा। इन पाठ्यक्रमों के माध्यम से छात्राओं को तकनीकी एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी WWW.CGITI.ADMISSIOM.NIC.IN पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश संबंधी विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालयीन समय में शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, रायगढ़ से संपर्क किया जा सकता है। संस्थान प्रबंधन ने छात्राओं से निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन करने की अपील की है।

### नीट-यूजी-2026 परीक्षा के लिए धमतरी में व्यापक तैयारी

**धमतरी, 7 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा 21 जून 2026 को आयोजित की जाने वाली नीट-यूजी 2026 परीक्षा के सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन के लिए धमतरी जिले में सभी आवश्यक तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा के निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण आयोजन के लिए संबंधित विभागों एवं परीक्षा केंद्रों के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। जिले में इस बार कुल चार परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां 1176 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। इनमें बीसीएस पी.जी. कॉलेज धमतरी में 480, शिव सिंह वर्मा शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल धमतरी में 240, नारायण राव मेघावाले शासकीय गर्ल्स कॉलेज धमतरी में 240 तथा भोपाल राव पावार शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज रूद्री में 216 अभ्यर्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई है। परीक्षा के सफल संचालन के लिए सभी केंद्राध्यक्षों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। सुरक्षा, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, यातायात प्रबंधन, चिकित्सा सहायता तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं। परीक्षा दिवस पर अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए समुचित व्यवस्था की जा रही है।

### सुशासन तिहार शिविर में 667 आवेदनों की प्राप्ति, 116 मामलों का निराकरण

**धमतरी, 7 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राज्य शासन की जनकल्याणकारी मंशा के अनुरूप आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु संचालित सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत आज विकासखंड धमतरी की ग्राम पंचायत कोड़ेगांव (बी.) में क्लस्टर स्तरीय जनसमस्या निवारण एवं समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अकलाडोंगरी, अरौद (डु.), चिखली, तिर्रा, कोड़ेगांव (रै.), मोंगरागहन एवं कोड़ेगांव (बी.) सहित सात ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस अवसर पर विधायक श्री ओंकार साहू ने कहा कि सुशासन तिहार शासन और जनता के बीच संवाद का प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचकर समस्याओं का निराकरण करना सुशासन की वास्तविक पहचान है तथा शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता है। पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू ने कहा कि स्थानीय स्तर पर समस्याओं का समाधान होने से ग्रामीणों के समय और संसाधनों की बचत हो रही है तथा प्रशासन के प्रति लोगों का विश्वास और मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि हमने अभी विभिन्न कार्यों का भूमिपूजन किया है। जिसमें शेड निर्माण भी शामिल है। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को शासन की विभिन्न योजनाओं का जानकारी और लाभ मिल रहा है।

# किसान बनकर दुकान पहुंचे कृषि अधिकारी और खाद की कालाबाजारी का किया भंडाफोड़

## 750 रुपये की खाद 1800 रुपये में बेच रहा था व्यापारी, प्रशासन ने गोदाम सील कर 74 बोरी खाद जब्त की

- खाद विक्रय पर लगा 10 दिन का प्रतिबंध
- कलेक्टर के निर्देश पर कार्रवाई, किसानों से धोखाधड़ी करने वालों को दी कड़ी चेतावनी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 7 जून।** किसानों को उचित मूल्य पर खाद उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन ने कालाबाजारी करने वालों के खिलाफसख्त रुख अपनाया है। कलेक्टर के निर्देश पर कृषि विभाग द्वारा जिले में लगातार निगरानी और औचक निरीक्षण किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को लैलूंगा विकासखंड में उप संचालक कृषि खुद किसान बनकर खाद खरीदने पहुंचे और मौके पर ही किसानों से की जा रही खुली लूट का पर्दाफाश कर दिया।



जांच के दौरान पता चला कि सिंगल सुपर फॉस्फेट खाद, जिसकी वास्तविक कीमत करीब 750 रुपये प्रति बोरी है, उसे किसानों को 1800 रुपये प्रति बोरी की दर से बेचा जा रहा था। यानी प्रत्येक बोरी पर किसानों से एक हजार रुपये से अधिक की अतिरिक्त वसूली की जा रही थी। शिकायत की पुष्टि होते ही प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित गोदाम को सील कर दिया और वहां रखी 74 बोरी खाद को जब्त कर लिया। यह कार्रवाई लैलूंगा स्थित मां दुर्गा ट्रेडर्स में की गई। जांच में अनियमितता पाए जाने पर दुकान के खाद विक्रय पर 10 दिनों का प्रतिबंध लगा दिया गया है। साथ ही संचालक को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है।

**किसानों के हितों से खिलवाड़ नहीं होगा बर्दाश्त :** कलेक्टर ने खरीफ सीजन को देखते हुए कृषि विभाग को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिले में कहीं भी खाद की कृत्रिम कमी नहीं होने दी जाए। किसानों को निर्धारित दर पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा है कि कालाबाजारी, जमाखोरी और अधिक मूल्य वसूली जैसी गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। राज्य शासन के निर्देशानुसार जिलेभर में खाद वितरण व्यवस्था पर लगातार नजर रखी जा रही है। जिला प्रशासन यह सुनिश्चित कर रहा है कि किसानों को खाद के लिए भटकना न पड़े और किसी भी व्यापारी द्वारा उनकी मजबूरी का फायदा न उठाया जाए।

### आगे भी जारी रहेगा सघन जांच अभियान

कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। जिले के विभिन्न विकासखंडों में औचक निरीक्षण कर खाद, बीज और अन्य कृषि आदानों के भंडारण एवं विक्रय की जांच की जाएगी। यदि कोई विक्रेता निर्धारित मूल्य से अधिक राशि वसूलते हुए पाया जाता है या कृत्रिम अभाव पैदा करता है तो उसके विरुद्ध तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई के दौरान उर्वरक निरीक्षक श्री पवन उरांव, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री फुलेश्वर पैकरा सहित कृषि विभाग का अमला मौजूद रहा। जिला प्रशासन ने किसानों से भी अपील की है कि यदि कहीं खाद की कालाबाजारी, जमाखोरी या अधिक मूल्य वसूली की जानकारी मिले तो तत्काल इसकी सूचना प्रशासन को दें, ताकि दोषियों के खिलाफसख्त कार्रवाई की जा सके।

# उत्कर्ष योजना : कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए 5 जुलाई को होगी लिखित परीक्षा

## विद्यार्थियों से 20 जून तक आवेदन आमंत्रित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 7 जून।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना (पूर्व में जवाहर उत्कर्ष योजना) के तहत शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए पात्र विद्यार्थियों से 20 जून 2026 तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना के अंतर्गत प्रवेश हेतु लिखित परीक्षा का आयोजन 5 जुलाई 2026 (रविवार) को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक किया जाएगा। परीक्षा केंद्रों की सूचना पृथक से जारी की जाएगी। अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के मेधावी विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित इस योजना में निर्धारित पात्रता रखने वाले छात्र आवेदन कर सकेंगे।

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि चयन परीक्षा में शामिल होने के लिए विद्यार्थी का छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना अनिवार्य है। साथ ही वह राज्य में मान्य अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति वर्ग का होना चाहिए तथा सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र धारक होना आवश्यक है। अभ्यर्थी छत्तीसगढ़ के किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा 5वीं में नियमित रूप से अध्ययनरत हो तथा कक्षा चौथी की परीक्षा में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक अथवा समकक्ष ग्रेड प्राप्त किया हो।

योजना का लाभ केवल ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को मिलेगा। इसके तहत ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत एवं नगर पंचायत क्षेत्र के विद्यालयों से कक्षा चौथी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को पात्र माना जाएगा। नगर पालिका और नगर निगम क्षेत्र के विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थी इस योजना के लिए पात्र नहीं होंगे। इसके अलावा अभिभावक की सभी स्रोतों से वार्षिक आय 2 लाख 50 हजार रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। आवेदन के साथ आय प्रमाण पत्र तथा निर्धारित प्रारूप में पालक का स्वघोषणा पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा।

वर्ष 2026-27 से पहली बार इस योजना में राज्य की विशेष पिछड़ी जनजातियों-बैगा, अबूझमाड़िया, कमार, बिरहोर एवं पहाड़ी कोरवा के लिए 2 प्रतिशत सीटें आरक्षित की गई हैं। निर्धारित आवेदन पत्र शाला प्रमुख के माध्यम से जमा किए जाएंगे। आवेदन अग्रेषित करने से पहले शाला प्रमुख को यह सुनिश्चित करना होगा कि विद्यार्थी सभी आवश्यक पात्रता शर्तों जैसे शैक्षणिक योग्यता, स्थायी जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र तथा आय प्रमाण पत्र की शर्तें पूर्ण करता हो। अपूर्ण आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 20 जून 2026 (शनिवार) है। इसी तरह शाला प्रमुख द्वारा आवेदन परीक्षण एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय को भेजने की तिथि 22 जून 2026 (सोमवार) तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा आवेदन सूची तैयार कर सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय में जमा करने की तिथि 24 जून 2026 (बुधवार) निर्धारित है। आवेदन पत्र का नमूना प्रत्येक विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय तथा सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय, रायगढ़ में उपलब्ध है। विभाग ने पात्र विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से समय सीमा के भीतर आवेदन प्रस्तुत करने की अपील की है, ताकि मेधावी विद्यार्थियों को योजना का लाभ मिल सके।

# रेत के अवैध उत्खनन पर खनिज विभाग की कार्रवाई

## डूमरपाली में पोकलेन मशीन जब्त, वाहन मालिक के खिलाफ प्रकरण दर्ज






■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 7 जून।** कलेक्टर के निर्देश पर खनिज विभाग द्वारा जिले में खनिज रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को खनिज विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए अवैध रेत उत्खनन में संलिप्त एक चैन माउंटेड पोकलेन मशीन को जब्त कर सील कर दिया।

खनिज विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, बड़े डूमरपाली निवासी यशवंत डडसेना द्वारा चैन माउंटेड मशीन के माध्यम से खनिज रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन किए जाने की शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत के आधार पर खनि निरीक्षक एवं खनिज उड़नदस्ता दल ने ग्राम बड़े डूमरपाली, तहसील खरसिया में दबिश दी। मौके पर अवैध रेत उत्खनन में लगी एक चैन माउंटेड पोकलेन मशीन को जब्त कर सील किया गया तथा उसे ग्राम सरपंच की सुपुर्दगी में सौंप दिया गया। खनिज विभाग ने वाहन मालिक के विरुद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के नियम 71 तथा खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 एवं 23(क) के तहत प्रकरण दर्ज किया है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि मामले में नियमानुसार आगे दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। खनिज विभाग ने बताया कि जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफकड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# वित्त मंत्री चौधरी शामिल हुए कुर्मी क्षत्रिय समाज के कार्यक्रम में




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 7 जून।** चौधरी ने कहा कि कोई भी समाज तभी आगे बढ़ता है जब वह शिक्षा, संगठन, संस्कार और सामाजिक उत्तरदायित्व को प्राथमिकता देता है। उन्होंने समाज के युवाओं से शिक्षा, नवाचार और नेतृत्व के क्षेत्र में आगे बढ़कर राज्य एवं राष्ट्र के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी शनिवार को धमतरी जिले के ग्राम छाती में आयोजित चंद्रनाहू (चंद्राकर) कुर्मी-क्षत्रिय समाज के कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने समाजजनों को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ एवं देश के विकास में समाज की भूमिका और योगदान को और अधिक प्रभावी बनाने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से अपने विचार साझा किए।

श्री चौधरी ने कहा कि भारत आज प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। ऐसे समय में समाज के प्रत्येक वर्ग की जिम्मेदारी है कि वह राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में अपनी सकारात्मक और रचनात्मक भूमिका निभाए। उन्होंने समाज की गौरवशाली



परंपराओं, सामाजिक योगदान और सांस्कृतिक विरासत का उल्लेख करते हुए आने वाली पीढ़ियों को संस्कारवान एवं सक्षम बनाने पर जोर दिया।

कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारियों, वरिष्ठजनों, युवाओं एवं बड़ी संख्या में समाजजनों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में समाज के विकास और राष्ट्र की उन्नति के संकल्प के साथ उत्साहपूर्ण वातावरण में ÷राजा रामचंद्र की जय÷ एवं ÷छत्रपति शिवाजी महाराज की जय÷ के उद्घोष किए गए।

### खेत बचाओ अभियान के तहत गोढ़ी में कृषक चर्चा आयोजित

# हरी खाद, बीजीए खाद एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने किसानों को किया गया जागरूक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता






**रायगढ़, 7 जून।** कृषि विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत विकासखंड तमनार के ग्राम गोढ़ी में कृषक चर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में किसानों को हरी खाद के उपयोग, बीजीए (ब्लू ग्रीन एल्गी) खाद, जैविक खेती को बढ़ावा देने, रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग तथा खरीफ मौसम की पूर्व तैयारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी ने किसानों से संवाद करते हुए बताया कि अत्यधिक रासायनिक उर्वरकों के उपयोग से मिट्टी की उर्वरता प्रभावित होती है। खेतों की उत्पादकता एवं मिट्टी के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए हरी खाद, जैविक खाद तथा जैव उर्वरकों का उपयोग आवश्यक है। उन्होंने किसानों को धान एवं अन्य खरीफ फसलों की बुवाई से पूर्व बीज उपचार, मृदा परीक्षण तथा संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन अपनाने की सलाह दी।

अधिकारियों ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा 1 जून से 30 जून 2026 तक पूरे देश में खेत बचाओ अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य मिट्टी की गुणवत्ता को बनाए रखना, रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग को कम करना तथा वैज्ञानिक एवं टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना है। इसके तहत मृदा स्वास्थ्य कार्ड, प्राकृतिक खेती, जल संरक्षण, उन्नत बीजों का उपयोग, हरी खाद, आधुनिक कृषि तकनीकों तथा जल-संरक्षण आधारित खेती के बारे में किसानों को जागरूक किया जा रहा है। कृषक चर्चा के दौरान किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड एवं कृषि यंत्रीकरण से संबंधित विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई। किसानों ने अभियान के उद्देश्यों की सराहना करते हुए वैज्ञानिक कृषि तकनीकों को अपनाने तथा मिट्टी की उर्वरता संरक्षण हेतु सक्रिय सहभागिता का संकल्प लिया। अभियान का मुख्य संदेश मिट्टी बचाओ, खेती बचाओ, किसान बचाओ है, जिसके माध्यम से किसानों को टिकाऊ एवं लाभकारी कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

**एक नजर**

### आम की छांव में मुख्यमंत्री की चौपाल



**रायपुर 7 जून।** सुशासन तिहार के अंतर्गत मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का आज मरवाही विकासखंड के ग्राम निमधा में एक अनूठा और आत्मीय जनसंवाद देखने को मिला। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय गांव के बीच आम के पेड़ की छांव में खाट पर बैठकर ग्रामीणों से रूबरू हुए, उनकी समस्याएं सुनीं और शासन की योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति का प्रत्यक्ष फीडबैक लिया। उन्होंने ग्रामीणों से बिजली, पानी, राशन, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और आवास जैसी मूलभूत सुविधाओं के संबंध में विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा 1 मई से 10 जून तक पूरे प्रदेश में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है, जिसके माध्यम से शासन स्वयं गांवों तक पहुंचकर जनता की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कर रहा है। उन्होंने कहा कि जिन समस्याओं का तत्काल निराकरण संभव है, उनका मौके पर ही समाधान किया जा रहा है, जबकि अन्य मामलों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। जनचौपाल के दौरान ग्रामीणों और मरवाही विधायक श्री प्रणव कुमार मरपच्ची ने जिले में नर्सिंग कॉलेज, ग्राम निमधा में मिनी स्टेडियम तथा सर्वसमाज के लिए विशाल मंगल भवन की मांग रखी। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों की भावनाओं का सम्मान करते हुए तीनों मांगों को तत्काल स्वीकृति प्रदान करते हुए उनकी घोषणा की। ग्रामीणों द्वारा बिजली आपूर्ति संबंधी समस्याएं उठाए जाने पर मुख्यमंत्री ने मौके पर ही अधिकारियों से जानकारी ली और स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि बिजली व्यवस्था में सुधार के लिए आवश्यक कदम शीघ्र उठाए जाएंगे।

### शिवाजी महाराज के आदर्श आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत: राज्यपाल




**रायपुर, 7 जून।** राज्यपाल श्री रमेन डेका ने आज महाराष्ट्र मंडल रायपुर में छत्रपति शिवाजी महाराज राज्याभिषेक समारोह दिवस में उनकी प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज का जीवन साहस, स्वाभिमान, सुशासन और राष्ट्रभक्ति का अद्वितीय उदाहरण है, जो आज भी युवा पीढ़ी को प्रेरणा देता है। राज्यपाल ने कहा कि 6 जून 1674 को रायगढ़ दुर्ग में हुआ शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक केवल एक राजतिलक नहीं, बल्कि स्वतंत्र हिंदवी स्वराज की स्थापना का ऐतिहासिक क्षण था। उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज ने अपने पराक्रम, दूरदर्शिता और कुशल नेतृत्व से स्वराज की मजबूत नींव रखी तथा करोड़ों भारतीयों में आत्मसम्मान और आत्मविश्वास का संचार किया। उन्होंने शिवाजी महाराज को कुशल प्रशासक, प्रजावत्सल शासक और धार्मिक सहिष्णुता का प्रतीक बताते हुए कहा कि उनके द्वारा स्थापित अष्टप्रधान व्यवस्था, संगठित नौसेना तथा जनकल्याणकारी नीतियां आज भी प्रासंगिक हैं। राज्यपाल ने महाराष्ट्र मंडल की 91 वर्षों की गौरवशाली सेवा यात्रा की सराहना करते हुए कहा कि संस्था द्वारा संचालित विभिन्न सामाजिक और शैक्षणिक प्रकल्प समाज सेवा की उत्कृष्ट मिसाल हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि महाराष्ट्र मंडल भविष्य में भी समाज और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देता रहेगा। श्री डेका ने कार्यक्रम में शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाले चार बच्चों को पांच-पांच हजार रुपए की राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की तथा महाराष्ट्र मंडल को एक एंबुलेंस प्रदान करने की भी घोषणा की। इस अवसर पर महापौर श्रीमती मीनल चौबे, महाराष्ट्र मंडल रायपुर के अध्यक्ष श्री अजय मधुकर काले सहित अन्य पदाधिकारी एवं महाराष्ट्रीयन समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# सुशासन तिहार के नाम पर जनता से छलावा

**किसानों को पर्याप्त रासायनिक खाद,उन्नत बीज और बिजली मिले सुशील शर्मा ने की मांग**

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा 7 जून।** प्रदेश काँग्रेस प्रतिनिधि एवं पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने सुशासन तिहार को पूरी तरह ढकोसला तिहार निरूपित करते हुये कहा की पूरे प्रदेश में सत्तासीन भाजपा सरकार जनता जनार्दन को गुमराह करने सुशासन तिहार के नाम पर सिर्फ ढकोसला प्रदर्शित कर रही है,विश्व बैंक से हजारों करोड़ रूपिये के कर्ज से डूबी भाजपा सरकार अपने आप को महिमा मंडित कराने गांव गांव में सुशासन तिहार के नाम पर विकाश का ढोल पीट रही है,अधिकारी वर्ग सुशासन तिहार आयोजित करने के नाम पर सभी ग्राम पंचायतों के सरपंचों से दस दस हज़ार रुपया की वसूली कड़ाई से कर रही है,शिविर में आम जनता के लिये कोई सुबिधा नहीं रखी गई है अपनी उपलब्धि का ढोल पिट पिट कर बखान कर रही है इस झूठी तारीफ़ को बरक़रार रखने और झूठी योजनाओ का पर्दाफाश होने से बचने के लिये चिन्हित किसानो को नाम मात्र सम्राग्री प्रदान कर वाहवाही लूट रही है,विपक्छ के नेताओ को आमंत्रित भी नहीं किया जा रहा है झूठी योजनाओ और काली करतूतों की पोल न खुल जाये इस डर से विपक्ष के नेताओं से भाजपा सरकार और उसके अधिकारी पूरी तरह दूरी बनाकर अपने सुशासन तिहार को आयोजित कर विकास की गाथा गा रहे है।

पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने आगे कहा कि किसानो को कृषि कार्यो के लिये भरपूर मात्रा में खाद और बीज उपलब्ध कराने में असफल सरकार पहले ही बिजली कटौती और पानी की समस्या से जूझ रहे किसानों और आम जनों को राहत नहीं दे पा रही है जबकि बिजली का भारी भरकम बिल जनता जनार्दन को प्रति महीने थमा रही है और खेती के समय में किसानो को पर्याप्त मात्रा में रासायनिक खाद और उन्नत किस्म की बीज सहित भरपूर बिजली नहीं मिलेगी तो किसान अपनी फसल कैसे उत्पन्न कर पायेगा इस गंभीर और भयावह समस्या का निराकरण करने भाजपा सरकार अपना ध्यान केंद्रित नहीं कर रही है येसा प्रतीत होता है की किसानो से धान की फसल सोसायटियो में कम मात्रा में खरीदना पड़े इसके लिये किसानों को खाद और बीज से वंचित किया जा रहा है।भाजपा सरकार ही जानबूझ कर शिविर में सिर्फ समस्याओं का आवेदन लिया जा रहा है उसका निदान दूर दूर तक दिखाई नहीं दे रहा है किसान और ग्रामीण आम जन येसे ढकोसला शिविर में जाकर मायूस होकर वापस लौट रहे है,सुशासन तिहार के नाम पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार करके अधिकारी और कर्मचारी अपनी जेब भरने में लगे हुये है। कुम्भकर्णीय नीद में सोई सरकार को जगाने के लिये अब किसानो और आम जनों को आगे आना होगा,सत्तासीन भाजपा सरकार सुशासन तिहार के नाम पर सिर्फ़ दिखावा और किसानो तथा जनता जनार्दन से छलवा कर रही है भाजपा के मंत्री और नेता शिविर में बड़े बड़े खोखले वादे कर अपनी ढपली अपना राग अलापने की कहावत को चरितार्थ कर रहे है आम जन लाचार और मायूस होकर अपने अपने अधिकारो के लिये अब सड़क की लड़ाई लड़ने को मजबूर हो रहे है।सुशील शर्मा ने



भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को चेतावनी देते हुये कहा कि समय रहते सरकार यदि किसानो को पर्याप्त मात्रा में रासायनिक खाद,उन्नत बीज और बिजली प्रदान नहीं कर पाती है तो एक बड़ा जन आंदोलन करने को किसान और आमजन मजबूर होंगे जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी भाजपा सरकार की होगी।

# हमें बचपन से करेंसी कमाने,करियर बनाने की शिक्षा दी जाती है कैरेक्टर बनाने की नहीं:शाश्वत रत्न सागर

**पांच दिवसीय बोहिलाभम् आवासीय संस्कार शिविर सफलतापूर्वक संपन्न**

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 7 जून।** जैन बगीचा में आयोजित बोहिलाभम् आवासीय संस्कार शिविर प. पू. खरतर गच्छाचार्य संयम सारथी जिन पीयूष सागर सुरिश्वर जी म. सा. की निश्रा में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर में छत्तीसगढ़ क्षेत्र के अलावा बाड़मेर,जोधपुर,अमरावती,वणि,चेन्नई,खरियार रोड,बालाघाट,गोंदिया आदि से लगभग 162 बच्चों ने भाग लेकर ज्ञान,ध्यान, संस्कार एवं व्यक्तित्व निर्माण की विविध गतिविधियों का लाभ लिया। शिविर के समापन के अवसर पर जैन आचार्य सम्यक रत्न सागर जी ने कहा कि परिवर्तन दो प्रकार के होते हैं। पहला भौतिक परिवर्तन जिसमें पानी बर्फ और वास्प का रूप धारण कर पुनः पानी का रूप धारण कर लेता है अर्थात पानी अपने मूल रूप में ही रहता है। यह परिवर्तन क्षणिक होता है। दूसरा परिवर्तन है रासायनिक परिवर्तन जिसमें दूध दही और घी का रूप धारण करने के बाद फिर से दूध नहीं बन सकता। यह परिवर्तन स्थाई परिवर्तन होता है। शिविर में आए बच्चों ने संस्कार की शिक्षा ली है और यह स्थाई परिवर्तन है जो उनमें जड़ कर गया है। संस्कारों का यह परिवर्तन अब उनके साथ ही रहेगा।

शिविर को संबोधित करते हुए शाश्वत रत्न सागर जी म. सा. ने कहा कि बचपन से हमें बचपन से करेंसी कमाने और करियर बनाने की शिक्षा दी जाती है किंतु करैक्टर बनाने की शिक्षा कहीं नहीं दी जाती। उन्होंने कहा कि संस्कार शिविरों में ही करैक्टर बनाने की शिक्षा दी जाती है। इसलिए ऐसे शिविरों से फायदा उठाएं और अपने बच्चों का करैक्टर निर्माण करें। शिविर में बच्चों ने अपने-अपने अनुभव सुनाए।




शिविर के संयोजक भावेश बैद ने कहा कि आवासीय संस्कार शिविर का आयोजन हुआ और यह राजनांदगांव के लिए की सौभाग्य बात है। संघ के सभी सदस्यों ने मिलकर अच्छा काम किया और शिविर को सफलता के मुकाम में पहुंचाया। छत्तीसगढ़ खत्तरगच्छ जैन संघ के प्रदेश अध्यक्ष नरेश डाकलिया ने कहा कि यह शिविर राष्ट्रीय स्तर का था जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से आए बच्चों ने संस्कार की शिक्षा ग्रहण की। उन्होंने कहा कि अपने जीवन में अहंकार और अभिमान को स्थान ना दे। आप अपने जीवन में नैतिकता को स्थान दें। रायपुर से पधारे शिवराज जी अप्पू बैद ने कहा कि यह शिविर हमारे लिए है और हमारी भावी पीढ़ी के लिए है। शिविर को जीवनचंद कांकरिया एवं श्रीमती दुग्गड़ (जगदलपुर)में भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन रितेश लोढ़ा ने किया। इस अवसर पर बच्चों ने भी अपने विचार व्यक्त किये। शिविर में शामिल होने वाले बच्चों को आयोजन समिति द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। शिविर में सकल जैन श्री संघ के अध्यक्ष विनय डड्डा, श्री पारसनाथ जैन मंदिर ट्रस्ट समस्त ट्रस्टी, समिति के सभी सदस्य एवं समाज के लोगों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। स्थानी जैन बगीचे में कल 07 जून रविवार को एक भव्य एवं ऐतिहासिक कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है। आचार्य भगवंत श्री जिन पीयूष सागर सुरिश्वर जी म. सा. की पावन निश्रा में सर्व महाकौशल-छत्तीसगढ़ क्षेत्र विहार सेवा ग्रुप का अधिवेशन आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रदेश एवं महाकौशल क्षेत्र के विभिन्न संघों से विहार सेवक सहभागी बनेंगे।

अधिवेशन में लगभग 50 संघों के 200 से अधिक प्रतिनिधियों एवं विहार सेवकों के शामिल होने की संभावना है जिसमें बालाघाट गोंदिया, आमगांव,जबलपुर,जगदलपुर,रायपुर, दुर्ग,महासमुंद,राजीम, धमतरी आदि सहित अनेक नगरों एवं संघों से विहार सेवक शामिल होंगे। यह अधिवेशन सेवा, समर्पण, संगठन एवं अनुभवों के आदान-प्रदान का एक महत्वपूर्ण मंच बनेगा।कार्यक्रम का विशेष आकर्षण अहमदाबाद निवासी श्री मोक्षेश मोदी का आगमन रहेगा, जो देशभर में साधु-साध्वियों के विहार के दौरान पुलिस प्रोटेक्शन एवं सुरक्षा समन्वय की सेवाओं के लिए विशेष रूप से जाने जाते हैं। उनके अनुभव एवं मार्गदर्शन का लाभ उपस्थित विहार सेवकों को प्राप्त होगा। यह जानकारी मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने दी।

## फूलमती वर्मा की ऐतिहासिक जीत से कांग्रेस में उत्साह

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 7 जून।** जिले की घुमका नगर पंचायत के अध्यक्ष पद पर कांग्रेस प्रत्याशी फूलमती वर्मा की ऐतिहासिक जीत ने पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं में नया उत्साह भर दिया है। यह जीत फूलमती वर्मा की लोकप्रिय, सरल एवं जनसरोकारों से जुड़ी छवि के साथ-साथ संगठन की मजबूत रणनीति और कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत का परिणाम है। घुमका नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर कांग्रेस प्रत्याशी फूलमती वर्मा की ऐतिहासिक जीत पर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। यह जीत केवल एक प्रत्याशी की नहीं बल्कि कांग्रेस संगठन की एकजुटता, कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के विश्वास की जीत है। चुनाव के दौरान कांग्रेस संगठन ने जिस सक्रियता, समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ प्रचार अभियान चलाया उसका सकारात्मक परिणाम मतपेटियों में स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। फूलमती वर्मा की सहज, सरल और जनहितैषी छवि ने मतदाताओं के बीच गहरी पैठ बनाई वहीं कांग्रेस की विकासोन्मुखी सोच और जनकल्याणकारी नीतियों ने जनता का विश्वास जीतने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष दीपक बैज ने घुमका नगर पंचायत में लगातार बैठक किया। और वहीं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आमसभा को संबंध संबोधित किया जिसकी वजह से घुमका नगर पंचायत में अध्यक्ष सहित चार वर्ड विजय हुए। तत्पश्चात चुनाव प्रचार के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के पूर्व अध्यक्ष पदम सिंह कोठारी, विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, घुमका चुनाव संयोजक विधायक दलेश्वर साहू, जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष विपिन यादव, शहर अध्यक्ष जितेंद्र मुदियार, पूर्व विधायक भुवनेश्वर बघेल पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, पूर्व महापौर हेमा देशमुख, वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्री किशन खंडेलवाल, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रमेश डाकलिया और पंकज



बांधव सहित कांग्रेस नेता और कार्यकर्ताओं बड़ी संख्या में पूरी निष्ठा और कर्मठता के साथ प्रचार अभियान का नेतृत्व किया। इन नेताओं ने घर-घर पहुंचकर पार्टी की विचारधारा, क्षेत्रीय विकास की योजनाओं और जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से जनता के सामने रखा जिसका सीधा लाभ कांग्रेस को मिला। संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता ने चुनाव को अपनी प्रतिष्ठा का विषय मानकर मेहनत की। बूथ स्तर से लेकर वार्ड स्तर तक कार्यकर्ताओं ने समन्वय और समर्पण का परिचय दिया जिसके कारण कांग्रेस को व्यापक जनसमर्थन प्राप्त हुआ। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र में जनता के बीच मजबूत पकड़ और लंबे समय से सक्रिय जनसंपर्क रखने वाले पदम सिंह कोठारी की भूमिका को भी पार्टी कार्यकर्ता जीत का महत्वपूर्ण आधार मान रहे हैं। संगठन द्वारा उन्हें वार्ड क्रमांक 6 और 8 की जिम्मेदारी सौंपी गई थी जिसे उन्होंने पूरी कुशलता के साथ निभाया। उनके नेतृत्व में वार्ड क्रमांक 6 से कांग्रेस प्रत्याशी रामचंद्र वर्मा ने भाजपा के वरिष्ठ एवं प्रभावशाली नेता दिलीप पटेल को पराजित कर महत्वपूर्ण जीत दर्ज की। इस सफलता को संगठनात्मक मजबूती और रणनीतिक चुनाव प्रबंधन का परिणाम माना जा रहा है। कांग्रेस नेताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि घुमका नगर पंचायत में मिली यह जीत आगामी चुनावों के लिए भी पार्टी कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार करेगी। जनता ने विकास, पारदर्शिता और जनसेवा की राजनीति पर भरोसा जताया है जिसे कांग्रेस पूरी जिम्मेदारी के साथ निभाएगी।

# सचिन-विराट ट्रॉफी पर डोंगरगढ़ क्रिकेट अकादमी का कब्जा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 7 जून।** राजनांदगांव के कमला कॉलेज मैदान में आयोजित अंडर-14 एवं अंडर-16 आयु वर्ग की प्रतिष्ठित सचिन-विराट ट्रॉफी में डोंगरगढ़ क्रिकेट अकादमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। चार टीमों के बीच आयोजित प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में डोंगरगढ़ ने ईसीए-11 भिलाई को रोमांचक मुकाबले में हराकर फाइनल में प्रवेश किया। इस मैच में कुणाल कश्यप ने 47 रन और 3 विकेट लेकर जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। फाइनल मुकाबला डोंगरगढ़ क्रिकेट अकादमी और आरसीए राजनांदगांव के बीच दो दिवसीय टेस्ट प्रारूप में खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए डोंगरगढ़ ने 6 विकेट पर 370 रन बनाकर पारी घोषित की। कुणाल कश्यप ने 149 रन, दीपांशु ने नाबाद 103 रन और शिवांश ने 43 रनों का योगदान दिया।

जवाब में आरसीए राजनांदगांव की टीम पहली पारी में 91 रन पर सिमट गई। कुणाल कश्यप ने 5 विकेट और मुकुंद गेडाम ने 4 विकेट हासिल किए। दूसरी पारी में डोंगरगढ़ ने 47 रन बनाकर पारी घोषित की और 326 रनों का लक्ष्य दिया।




लक्ष्य का पीछा करते हुए राजनांदगांव की टीम दूसरी पारी में भी संघर्ष करती रही और 69 रन पर ऑलआउट हो गई। हर्ष मालेकर ने 4 तथा मुकुंद गेडाम ने 3 विकेट लेकर डोंगरगढ़ को 256 रनों की शानदार जीत दिलाई। पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कुणाल कश्यप को मैन ऑफ द मैच एवं मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। विजेता टीम को ट्रॉफी एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विशेष बात यह रही कि डोंगरगढ़ एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। 13 वर्षीय दीपांशु ने फाइनल में नाबाद 103 रनों की शतकीय पारी खेली, जबकि 13 वर्षीय शिवांश ने महत्वपूर्ण 43 रन बनाकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। वहीं मुकुंद गेडाम और हर्ष मालेकर ने शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए विपक्षी टीम को दबाव में रखा और जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन खिलाड़ियों का प्रदर्शन इस बात का प्रमाण है कि डोंगरगढ़ क्रिकेट अकादमी ग्रामीण अंचल की प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें आगे बढ़ने का बेहतर अवसर प्रदान कर रही है।

### उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने शहरी विकास योजनाओं का किया सघन निरीक्षण

**रायपुर,7 जून।** उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव ने आज जगदलपुर में नगर निगम द्वारा कराए जा रहे किए विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों का बारीकी से अवलोकन कर कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को सभी कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने जगदलपुर के पावर हाउस चौक स्थित इंटेक-वेल व फिल्टर प्लांट तथा महारानी वार्ड में लगभग 101 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित नयामुंडा फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया। उन्होंने पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की जानकारी लेते हुए नागरिकों को बेहतर एवं निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। श्री साव ने पीजी कॉलेज धरमपुरा में लगभग 11 करोड़ 18 लाख रुपये की लागत से निर्माणाधीन 500 सीटर नालंदा परिसर के कार्यों का जायजा लिया।

## नगर निगम रायपुर का मोर खारून मोर सम्मान सफाई महाअभियान



**रायपुर 6 जून।** के मोर खारून मोर सम्मान सफाई महाअभियान में महादेवघाट में महापौर श्रीमती मीनल चौबे की अपील पर नगर निगम के सभी जनप्रतिनिधि वार्ड पार्षदगण जुटे और आयुक्त श्री संबित मिश्रा की उपस्थिति में लगभग 600 सफाई मित्रों, स्वच्छता दीदियों सहित खारून मईया को जलकुम्भी से मुक्त करने समाजहित में पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से सफाई श्रमदान कर जन - जन को महापौर श्रीमती मीनल चौबे के नेतृत्व में स्वच्छता का सकारात्मक सन्देश दिया. महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने कहा कि रायपुर की जीवनदायिनी खारून मईया की सफाई कर उसे स्वच्छ रखना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है, जिसे हम सब मिलकर अवश्य पूरा करेंगे. सफाई को बनाये रखने सभी नागरिक नदी के भीतर गन्दगी, कचरा, पॉलीथिन, पूजन सामग्री ना डालें और सफाई बनाये रखने सक्रिय सहभागिता दर्ज करवाएं. नगर निगम रायपुर ने खारून की सफाई करवाकर अपना दायित्व निभाया है, अब नागरिकों को खारून नदी को स्वच्छ बनाये रखने सहभागिता दर्ज करवानी है. खारून नदी की सफाई के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही मिली, तो जवाबदेही तय करवाकर सम्बंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी. नगर निगम रायपुर के एमआईसी सदस्य श्री मनोज वर्मा ने कहा कि पहली बार जीवन दायिनी खारून मईया की सफाई का महाभियान महापौर श्रीमती मीनल चौबे के नेतृत्व में रायपुर नगर निगम द्वारा चलाया जा रहा है, जिसमें सभी नगरवासी आगे आकर रायपुर की जीवनदायिनी खारून मईया को स्वच्छ बनाने अवश्य जुड़ें.

साथ ही समस्त नगरवासियों से राजधानी शहर शहर को स्वच्छ, सुन्दर, विकसित, स्वस्थ और हरित शहर बनाने अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज करवाने की विनम्र अपील रायपुर नगर पालिक निगम की ओर से महापौर श्रीमती मीनल चौबे और आयुक्त श्री संबित मिश्रा, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सुनील चंद्राकर, सभी एमआईसी सदस्यों, जोन अध्यक्षगणों, पार्षदों द्वारा की गयी।

# होटल आनंदम में लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी की बैठक में वर्ष 2026-27 की नई कार्यकारिणी घोषित

**लायन दीपक जैन (नवलखा) बने अध्यक्ष, अमित खण्डेलवाल को रीजन चेयरपर्सन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी**

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता


**राजनांदगांव 7 जून।** होटल आनंदम में लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी की महत्वपूर्ण बैठक उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। बैठक में वर्ष 2026-27 के लिए नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई तथा नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई।

नई कार्यकारिणी में वरिष्ठ समाजसेवी एवं सक्रिय लायन सदस्य लायन दीपक जैन (नवलखा) को क्लब का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं लायन अशोक पवार को सचिव तथा लायन मुकेश शर्मा को कोषाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। बैठक की



सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि क्लब के ऊर्जावान एवं गतिशील अध्यक्ष PMJF लायन अमित खण्डेलवाल को वर्ष 2026-27 के लिए रीजन चेयरपर्सन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी प्रदान की गई। इसके साथ ही लायन तरणदीप अरोरा को जोन चेयरपर्सन नियुक्त किया गया। इस उपलब्धि पर क्लब के सभी सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए इसे राजनांदगांव सिटी क्लब के लिए गौरव का विषय बताया। कार्यकारिणी एवं विभिन्न समितियों के पदाधिकारियों की घोषणा करते हुए PMJF लायन बृजकिशोर सूरजन को क्लब स्ट्रक्चर चेयरपर्सन, लायन कमल किशोर साहू को प्रथम उपाध्यक्ष, लायन मयंक शर्मा को द्वितीय उपाध्यक्ष, लायन विजय कोटड़िया को तृतीय उपाध्यक्ष, लायन चंद्रिका प्रसाद सिन्हा को सह सचिव, लायन भावेश अग्रवाल को सह-कोषाध्यक्ष, लायन नेहा गुप्ता को टेल ट्विस्टर तथा लायन श्यामचरण गुप्ता को टेमर नियुक्त किया गया।इसके अतिरिक्त PMJF लायन अमित खण्डेलवाल को मेंबर्स ग्रोथ चेयरपर्सन, लायन प्रकाश सांखला को क्लब मार्केटिंग, लायन राजेश जैन (राजू) को जनसंपर्क अधिकारी (PRO) तथा लायन संतोष लोहिया को इंटरनल ऑडिटर का दायित्व सौंपा गया। बैठक में पद्मश्री लायन डॉ. पुखराज बाफना, उमेद कोठारी, संतोष लोहिया, राजकुमार शर्मा, सुरेश शर्मा, तरणदीप अरोरा, प्रकाश सांखला, सुदामा मोटलानी, राजेश जैन (राजू), रमेश गुप्ता, मुकेश चौबे, शोभा चौरसिया, कंचन चौबे, चंद्रिका प्रसाद सिन्हा सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारियों का पुष्पगुच्छ एवं तालियों की गड़गड़ाहट के साथ स्वागत किया गया। वक्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि नई कार्यकारिणी के नेतृत्व में लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी सेवा, समाज कल्याण एवं जनहित के कार्यों में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। कार्यक्रम के अंत में नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को आगामी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं देते हुए समाजसेवा के प्रति समर्पण और क्लब की गौरवशाली परंपराओं को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया। उक्त जानकारी क्लब के सचिव लायन मयंक शर्मा ने प्रदान की।

# अपना क्या है इस जीवन में, सब कुछ लिया उधार... सारा लोहा तुम लोगों का, अपनी केवल धार...




सुनने में बड़ा अजीब लगता है, पर यह सच है कि करीब 5 दशक पूर्व रेडियो सुनने लाइसेंस की जरूरत पड़ती थी, इसे बाकायदा भारतीय डाक तार विभाग जारी करता था। यह लाइसेंस उसी प्रकार का होता था, जैसा आज वाहन चलाने, हथियार रखने याअन्य किसी काम के लिए लाइसेंस बनाना पड़ता है। रेडियो सुनने के लिए यह लाइसेंस भारतीय डाक विभाग, भारतीय तार अधिनियम 1885 के अंतर्गत जारी करता था, लाइसेंस डोमे स्टिक, कॉमर्शियल दो तरह का होता था, यानी घर पर बैठकर रेडियो सुनना है तो डोमेस्टिक और सामूहिक रूप से रेडियो सुनाना है तो वह कॉमर्शियल। इसके साथ ही लाइसेंस पर निर्धारित शुल्क का आकाशवाणी लाइसेंस टिकट लगा प्रतिवर्ष रिन्यूवल कराया जाता था, बिना लाइ सेंस रेडियो सुनना कानूनी अपराध माना जाता था और आरोपी को वायरलेस टेली ग्राफी एक्ट 1933 के अंतर्गत दंडित किए जाने का भी प्रावधान था। लाइसेंस में रेडियो का मैक, मॉडल भी उल्लेख किया जाता था। उन दिनों रेडियो सुनने का बड़ा क्रेज था। लाइसेंस रजिस्ट्रेशन साल में 2? आकाश वाणी लाइसेंस शुल्क की टिकट से रिन्यू कराया जाता था। आखिर में पोस्टऑफिस में 1974 को साढ़े 7 ? शुल्क और सरचार्ज के 1? की टिकट से रिन्यू किया जाता था।

### छग सरकार और किराये का हेलीकाप्टर...

छग सरकार प्रशासनिक दौरों, व्हीआईपी मूवमेंट, आपात कालीन सेवाओं के लिए नया हेलीकॉप्टर किराए पर लेगी। हर साल करीब 35 करोड़ रुपये खर्च होंगे।छग सरकार ने दौरों, संवेदनशील क्षेत्रों के निरीक्षण, आपातकालीन, वी आई पी सेवाओं को तेज एवं प्रभावी बनाने की दिशा में बड़ा कदम है। अब विमानन विभाग एक नया अत्याधुनिक हेलीकॉप्टर किराए पर लेने जा रहा है। गवर्नमेंट-ई-मार्केट प्लेस (त्रद्गरू) के माध्यम से 105 करोड़ ? की अनुमानित लागत वाला ग्लोबल टेंडर जारी गया है।मौजूदा हेली कॉप्टर सेवा का अनुबंध समाप्त होने वाला है, सरकार नई तकनीक, बेहतर सुवि धाओं वाले हेलीकॉप्टर को सेवा में शामिल करने की तैयारी कर रही है। हर बार हेलीकॉप्टर किराए पर लेने पर उठने वाले सवालों के बीच इसका आर्थिक गणित सामने आया है, विशेषज्ञों केअनुसार, यदि सरकार इसी श्रेणी का ट्विन-इंजन, 8-सीटर, वीआई पी इंटीरियर, हेलीकॉप्टर खरीदती है, तो उसकी कीमत करीब 45 से 60 करोड़ ? तक हो सकती है। खरीदने के बाद उसका संचालन, बीमा, तकनीकी जांच, स्पेयर पार्ट्स नियमित रख रखाव का खर्च अलग से जुड़ जाता है, लंबे समय में छ्ग राज्य पर बड़ा वित्तीय बोझ बन सकता है, हेलीकॉप्टर खरीदने का मत लब सिर्फ विमान खरीदना नहीं है, एविएशन सिस्टम खड़ा करना भी है। सरकार को अलग एविएशन विंग सक्रिय रखना होगा।वीआईपी उड़ानों के लिए अनुभवी पाय लट, को-पायलट भी चाहिए, जिनकी मासिक सैलरी 3 से 7 लाख ? तक हो सकती है।इसके अलावा केबिन क्रू, इंजीनियर, ग्राउंड स्टाफ और तकनीकी टीम का खर्च भी करोड़ों तक पहुंच सकता है।इस बार हेलीकॉप्टर को 'वेट लीज' मॉडल पर लेने का फैसला किया है। इसका मत लब है हेलीकॉप्टर उपलब्ध कराने वाली निजी कंपनी ही पायलट, केबिन क्रू, मेंटेनेंस की भी जिम्मेदारी संभालेगी। इस मॉडल से सर कार को तकनीकी झंझटों से राहत मिलेगी और उसे केवल सेवा का उपयोग करना होगा। अनु बंध 3 वर्षों के लिए होगा, हर महीने कम से कम 20 दिन उड़ान उपलब्धता तय की गई है।






### तखतपुर के पास मिला प्राचीन स्नानघाट...



बिलासपुर जिले के तखतपुर विकासखंड के ग्राम छतौना में जूनी तालाब की सफाई, गहरीकरण के दौरान ऐसी खोज हुई है जिसने पूरे इलाके में कौतूहल और उत्साह का माहौल बना दिया है। खुदाई के दौरान जमीन के भीतर से एक विशाल सीढ़ीदार प्राचीन स्नानघाट (पचरी) कुंडनुमा संरचना सामने आई है।यह घाट लगभग 40 फीट लंबा, 15 फीट चौड़ा है, ऐतिहासिक धार्मिक महत्व की संभावना जताई जा रही है। खबर फैलते ही आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग स्थल पर पहुंचने लगे। कई लोग आस्था का केंद्र मानते हुए पूजा-अर्चना भी कर रहे हैं। गांव के बुजुर्गों का कहना है पहले इस स्थान के बारे में ऐसी कोई जानकारी नहीं थी। ग्रामीणों ने पुरातत्व विभाग से मांग है, स्थल का वैज्ञानिक सर्वेक्षण कराया जाए, यदि ऐतिहासिक धरोहर साबित हो तो इसे संरक्षित घोषित किया जाए।क्या छतौना की धरती के नीचे छिपा है इतिहास का कोई अनकहा अध्याय....?

### बस्तर: छत्तीसगढ़ में 23 सालों में 364 धर्मान्तरण....!

छग बनने के बाद बस्तर में 23 सालों में364अधिकारिक मतांतरण हुये, चर्च की संख्या 1500 के पार हुई है। नवंबर 2000 में राज्य गठन से लेकर 2023 तक केवल 364 लोगों ने ही मतांतरण की आधिकारिक सूचना दी, लेकिन इन्हीं वर्षों में बस्तर में चर्च, प्रार्थना केंद्रों की संख्या डेढ़ हजार के पार पहुंच गई। दरअसल, मतांतरण और डी-लिस्टिंग को लेकर बहस के बीच बस्तर में सूचना का अधिकार कानून (आरटी आई) से सामने आए आंकड़ों ने नई चर्चा छेड़ दी है।सर्व आदिवासी समाज ने आरटी आई के तहत वर्ष 2025 तक की जानकारी मांगी थी।जिला प्रशासन ने उन्हें नवंबर 2000 से फरवरी 2023 तक बस्तर जिले में केवल 364 लोगों के ही मतांतरण की जानकारी दी। प्रशासन के पास 2023 के बाद की कोई आधिकारिक जानकारी नहीं है। सर्व आदि वासी समाज का कहना है कि यहां भारी संख्या में मतांतरण कराए गए हैं। सन 2000 से 2003 तक अजीत जोगी के कार्यकाल में 232, सन 20 04से 2018 तक डॉ रमन सिंह के कार्यकाल में 131 तो 2018 से 2023 तक भूपेश बघेल के मुख्यमंत्रित्व काल में केवल 1अधिकारिक तौर पर धर्मान्तरण हुआ है।

### और अब बस....

- केंद्रीय गृह मंत्रालय ने वर्ष 2024 बैच के 147 नए आई पीएस का कैडर बांटने के लिए वैकेंसी की लिस्ट अधि सूचित की है। इनमें छग को एक भी अधिकारी नहीं मिला है।
- ईडी ने शराब घोटाले में शामिल पूर्वआईएएस अनिल टुटेजा, अनवर ढेबर सहित इसके सिंडिकेट में शामिल अन्य की 200 करोड़ ? की चल- अचल संपत्तियों को अटैच किया गया है। मनी लॉड्रिंग एक्ट के तहत की गई कार्रवाई में रायपुर से लेकर गोवा तक की प्रापर्टी, शेयर, म्युचल फंड शामिल हैं।
- छ्ग में पुलिस अधीक्षकों की एक छोटी सूची जल्दी ही निकलनेवाली है।
- अब गृह विभाग की फाइल आईपीएस राहुल भगत से होकर सीएम तक पहुंचेगी।

## एक नजर

### आईएसबीटी सेंटर में 100 नई सीटें

**रायपुर, 7 जून।** छत्तीसगढ़ के उभरते स्टार्टअप और इनोवेशन इकोसिस्टम को मजबूती देने की दिशा में इनोव8 ने रायपुर नगर निगम के सहयोग से रायपुर स्थित आईएसबीटी सेंटर में 100 अतिरिक्त वर्कस्पेस सीटें जोड़ी हैं। यह पहल राज्य सरकार की उद्यमिता, डिजिटल इनोवेशन और रोजगार के नए अवसर बढ़ाने की सोच को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस विस्तार के बाद केंद्र की कुल क्षमता बढ़कर 350 सीटों की हो गई है। स्टार्टअप्स, डिजिटल क्षेत्र में काम करने वाली कंपनियों, कंसल्टिंग फर्म्स और फ्रीलांस प्रोफेशनल्स के बीच बेहतर सुविधाओं वाले और आसानी से उपलब्ध वर्कस्पेस की बढ़ती माँग को देखते हुए यह विस्तार किया गया है।

### इंडियन ऑयल ने किया सर्वो हाइपर सीरीज लांच

**रायपुर, 7 जून।** इंडियनऑयल ने आज सर्वो हाइपर सीरीज़ का शुभारंभ किया, जो उसका अब तक का सबसे उन्नत प्रीमियम लुब्रिकेंट पोर्टफोलियो है। इसे आधुनिक इंजनों तथा उच्च प्रदर्शन वाले औद्योगिक उपकरणों की विकसित होती आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। उन्नत सिंथेटिक बेस ऑयल्स तथा अगली पीढ़ी की एडिटिव प्रौद्योगिकियों से विकसित सर्वो हाइपर सीरीज़ कठिन परिचालन परिस्थितियों में बेहतर इंजन प्रदर्शन, अधिक ईंधन दक्षता तथा विस्तारित ऑयल ड्रेन अंतराल सुनिश्चित करती है। यह नई श्रृंखला ऑटोमोटिव एवं औद्योगिक क्षेत्रों में प्रीमियम लुब्रिकेशन समाधानों की बढ़ती मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विकसित की गई है। सर्वो हाइपर सीरीज़ को विविध ऑटोमोटिव एवं औद्योगिक अनुप्रयोगों के लिए डिजाइन किया गया है।

### नहीं रहे वरिष्ठ पत्रकार राजीव शर्मा

**रायपुर, 7 जून।** सांध्य दैनिक तरुण छत्तीसगढ़ में मुख्य नगर संवाददाता के पद पर कार्य करते हुए सेवानिवृत्त हुए वरिष्ठ पत्रकार राजीव शर्मा (68) का निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा चौबे कालोनी स्थित निवास से निकली तथा महादेवघाट स्थित श्मशानघाट में अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि उनके अग्रज राजेश शर्मा ने दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में परिजन व पत्रकार साथी मौजूद थे। वे स्व. विद्याप्रकाश शर्मा (पौसरी वाले) के पुत्र, राजेश, स्व. राकेश शर्मा, मंगला, वंदना व स्व. वत्सला के भाई तथा विनीत शर्मा के मामा थे। राजीव शर्मा ने पत्रकारिता में लंबी सेवा दी। सरल हृदय के राजीव शर्मा की लेखनी सशक्त थी। विधानसभा के नियम-कानूनों की अच्छी जानकारी रखते थे। शासन-प्रशासन में मजबूत पकड़ थी। पत्रकारिता जगत के वे जाने-माने हस्ताक्षर थे। तरुण छत्तीसगढ़ परिवार ने उनके असामायिक निधन पर दुख प्रकट करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।



# शासकीय अस्पतालों में धड़ल्ले से पहुंचाई जा रही एक्सपायरी दवा

**रायपुर, 7 जून।** पूर्व संसदीय सचिव एवं छाया सांसद विकास उपाध्याय ने कहा है कि राजधानी में एक्सपायरी दवाओं का भंडाफोड़ हुये एक माह बीत गया है फिर भी एक्सपायरी दवा के वितरण का मामला प्रदेश के कांकेर जिले में सामने आया है।



उपाध्याय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जनता भाजपा सरकार से त्रस्त हो चुकी है। लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। विगत् माह राजधानी रायपुर के गुढ़ियारी स्थित हमर अस्पताल में एक्सपायरी दवा के मामले में छापेमारी की गई थी। जहां पर अस्पताल में बड़ी मात्रा में एक्सपायरी दवाइयों का जखीरा मिला था और वहीं सीजीएमएससी के वेयरहाउस में भी एक्सपायरी दवाओं का जखीरा मिला था। ठीक वैसे ही कांकेर जिले में दुर्गूकोंदल सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र में मरीजों को समय सीमा समाप्त (एक्सपायरी) हो चुकी दवाईयों के वितरण की गंभीर लापरवाही सामने आई है।

उपाध्याय ने कहा कि यदि ऐसी दवाई नवजात शिशुओं को जो उनके पोषण दुरूस्त करने के लिये दिये जाते हैं उसे खिलाई जायेगी तो उन बच्चों पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा ये तो सभी समझ सकते हैं। उपाध्याय ने इस मामले में सीधे-सीधे बीजेपी सरकार की संलिप्तता को जनता के समक्ष लाकर रख दिया है क्योंकि इससे पूर्व भी बीजेपी के संरक्षण में सीजीएमएससी द्वारा सप्लाई की गई कैल्शियम की 6500 से 7000 यूनिट दवाईयाँ खराब मिली थीं और अस्पतालों में सप्लाई किये गये मेडिकल किट जैसे दस्ताना, सिरिंज, सर्जिकल ब्लेड और अन्य कई सामग्री खराब स्थिति में मिले थे।

छत्तीसगढ़ में लगातार मरीजों, महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों की जान को जोखिम में डाला जा रहा है और बीजेपी सरकार मदमस्त होकर सुशासन तिहार मना रही है। उपाध्याय पहले से ही बार-बार दोषी अधिकारियों पर कार्यवाही की मांग कर रहे हैं लेकिन छत्तीसगढ़ में सरकार की पूर्ण संलिप्तता के कारण कोई कार्यवाही नहीं हो रही। जल्द से जल्द प्रदेश भर से अमानक दवाईयों को वापस लिया जाये अन्यथा कांग्रेस पार्टी सड़क पर उतरेगी।

# बेहतर बिजली व्यवस्था पर जोर

**रायपुर, 7 जून।** लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) सभागार, दुर्ग में छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव की अध्यक्षता में आयोजित विद्युत विभाग की संभागीय समीक्षा बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी शामिल हुईं।



बैठक में दुर्ग एवं बेमेतरा विद्युत परिक्षेत्र की विद्युत व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, अधोसंरचना विकास तथा किसानों को बिजली उपलब्ध कराने से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने बेमेतरा जिले की विद्युत व्यवस्था से जुड़े विभिन्न मुद्दों को प्रमुखता से उठाते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में भीषण गर्मी का दौर चल रहा है, ऐसे समय में आम नागरिकों को पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है। अनावश्यक बिजली कटौती से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है, इसलिए विद्युत विभाग को इस दिशा में विशेष संवेदनशीलता के साथ कार्य करना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों का ध्यान आगामी खरीफ सीजन की ओर आकर्षित करते हुए कहा कि जिले के किसान खेती-किसानी की तैयारियों में जुट चुके हैं। ऐसे में सिंचाई एवं कृषि कार्यों के लिए किसानों को पर्याप्त एवं नियमित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि खेती प्रभावित न हो और किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

कल्पना योगेश तिवारी ने कहा कि बिजली आज केवल सुविधा नहीं बल्कि आवश्यकता बन चुकी है। शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, कृषि एवं घरेलू जीवन का प्रत्येक क्षेत्र विद्युत व्यवस्था से जुड़ा हुआ है। इसलिए यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण अंचलों में भी बेहतर एवं विश्वसनीय विद्युत सेवाएं उपलब्ध हों। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा भी अपने-अपने क्षेत्रों की विद्युत समस्याओं, ट्रांसफार्मर बदलने, लाइन विस्तार, लो-वोल्टेज, बार-बार होने वाले फाल्ट एवं विद्युत आपूर्ति से संबंधित विभिन्न विषयों को रखा गया। इन समस्याओं एवं सुझावों पर गंभीरतापूर्वक चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण एवं आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कल्पना योगेश तिवारी ने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में आमजन की मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। बिजली, पानी, सड़क एवं अन्य आवश्यक सेवाओं को मजबूत करना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है।

### एफएसएसएआई नियमों में बड़े सुधार की मांग

**रायपुर, 7 जून।** कैट के राष्ट्रीय वाईस चेयरमेन अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन जितेन्द्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष परमानंद जैन, वाइस चेयरमेन सुरिन्दर सिंह, जीवत बजाज, महामंत्री अवनीत सिंह, कोषाध्यक्ष विजय पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, वासु माखीजा, राम मंधान, भरत जैन, राकेश ओचवानी एवं शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि देश के करोड़ों छोटे एवं मध्यम व्यापारियों की प्रमुख राष्ट्रीय संस्था कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ने खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के अंतर्गत लागू कुछ नियमों में व्यावहारिक सुधार एवं सरलीकरण की मांग करते हुए केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री चिराग पासवान को एक विस्तृत सुझाव पत्र प्रेषित किया है। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी ने अपने पत्र में कहा है कि खाद्य सुरक्षा के मानकों को बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है, किन्तु वर्तमान में लागू कुछ प्रक्रियाओं के कारण विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम व्यापारियों को अनावश्यक प्रशासनिक, वित्तीय एवं समयगत कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यदि इन नियमों को व्यापार-अनुकूल एवं व्यावहारिक बनाया जाए तो 'Ease of Doing ' को महत्वपूर्ण बढ़ावा मिलेगा।

### PICTURE-स्टोरी



### चेम्बर की तत्परता से बड़ा हादसा टला

**रायपुर, 7 जून।** बॉम्बे मार्केट स्थित सेंट्रल बैंक आंचलिक कार्यालय में लगी भीषण आग, चेम्बर अध्यक्ष सतीश थौरानी की तत्परता से छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज में बड़ा हादसा टल गया। चौधरी देवीलाल उद्योग व्यापार भवन (बॉम्बे मार्केट, रायपुर) के प्रथम तल पर स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की शाखा में शॉर्ट सर्किट के कारण अचानक आग लग गई। घटना की खबर मिलते ही छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने बिना वक्त गंवाए तत्काल अग्निशमन विभाग तथा कार्यालय के समीप रहने वाले चेम्बर पदाधिकारियों को मामले से अवगत कराया। तत्पश्चात तुरंत हुई इस कार्यवाही की बदौलत स्थिति बिगड़ने से बच गई और आग पर काबू पा लिया गया।



### सर्व ब्राह्मण समाज ने किया पौधारोपण



**रायपुर, 7 जून।** विश्व पर्यावरण दिवस अवसर पर अमलेश्वर स्थित खारूनेश्वर महादेव मंदिर में सर्व ब्राह्मण समाज की ओर से पीपल, बेल, कदंब का वृक्षारोपण किया गया। समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा, महादेव घाट परिक्षेत्र अध्यक्ष रत्ना शर्मा, सरिता शर्मा, गोपाल शर्मा, कृष्णा तिवारी सहित पदाधिकारी उपस्थित थे द्युउक्त अवसर पर निखिलेश्वर महादेव मंदिर के प्रबंधक साहू ने पेड़ की सुरक्षा तथा खाद पानी की व्यवस्था की जिम्मेदारी ली।

### कनिष्का फाउंडेशन ने की गौ सेवा

**रायपुर, 7 जून।** कनिष्का फाउंडेशन छत्तीसगढ़ द्वारा लाखे नगर स्थित गौशाला में गौ सेवा का पावन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष खुशबू शर्मा के नेतृत्व में संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सक्रिय सदस्य निकिता अंदानी, शकीला खान, उपाध्यक्ष मोहित पुजारी, सहसचिव आशीष द्विवेदी, नाज़नीन खान, कीर्ति ताम्रकार सहित अन्य सदस्यों ने सहभागिता निभाई। सभी ने मिलकर गौशाला में गायों को हरा चारा, भाजी, केले एवं गुड़ खिलाकर सेवा की। संस्था की अध्यक्ष खुशबू शर्मा ने बताया कि गौ सेवा भारतीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है और ऐसे कार्यों से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। उन्होंने सभी नागरिकों से गौ सेवा जैसे पुण्य कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में सेवा, सहयोग एवं करुणा की भावना को बढ़ावा देना रहा। अंत में सभी सदस्यों ने भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्य निरंतर करने का संकल्प लिया।



### पौधारोपण के साथ पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

**रायपुर, 7 जून।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल एवं जनकल्याणकारी 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ग्राम गोंडगिरी एवं नेवनारा में विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।इस अवसर पर अपने संबोधन में कल्पना योगेश तिवारी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि हमारे जीवन की निरंतर जिम्मेदारी है।

प्रकृति, जल, वन और पर्यावरण मानव जीवन के आधार हैं। यदि हम पर्यावरण को सुरक्षित रखेंगे, तभी आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और स्वस्थ जीवन मिल सकेगा।उन्होंने कहा कि आज जिस प्रकार भीषण गर्मी, जल संकट और मौसम में असामान्य परिवर्तन देखने को मिल रहे हैं, उसके पीछे पेड़ों की लगातार कटाई और पर्यावरण के प्रति बढ़ती लापरवाही एक प्रमुख कारण है। हम सभी को यह समझना होगा कि केवल पेड़ लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनका संरक्षण करना भी उतना ही आवश्यक है। जिस प्रकार हम अपने बच्चों की देखभाल करते हैं, उसी प्रकार लगाए गए पौधों की भी देखभाल करनी चाहिए, तभी वृक्षारोपण अभियान सफल होगा। कल्पना योगेश तिवारी ने कहा कि पेड़ केवल ऑक्सीजन देने का कार्य नहीं करते, बल्कि वे जीवनभर हमारे साथी बनकर रहते हैं। पेड़ हमें शुद्ध हवा, फल, छाया और पर्यावरणीय संतुलन प्रदान करते हैं। एक वृक्ष अपने जीवनकाल में हजारों लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से लाभ पहुंचाता है। इसलिए हर व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसे वृक्ष बनने तक संरक्षित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया एक पेड़ माँ के नाम अभियान केवल वृक्षारोपण का कार्यक्रम नहीं, बल्कि माँ के प्रति सम्मान, प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और भविष्य की पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26